बुधवार, 1 जुलाई 2026

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 31 |
| आर्द्रता | 83% |
| सूर्योदय: 04:55 | सूर्यास्त: 18:25 |



भारत ने 26 देशों के साथ गतिशीलता संबंधी समझौते किए हैं : जयशंकर पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : जिंदगी वह नहीं है, जो आपको मिलती है वह है, जो आप बनाते हो।

# फर्जी एससी-एसटी प्रमाणपत्र जारी करने वाले और लेने वाले दोनों जाएंगे जेल : शुभेंदु अधिकारी



### हूल दिवस पर आदिवासियों के लिए मुख्यमंत्री ने की कई बड़ी घोषणाएं

**बांकुड़ा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आदिवासी समुदाय की उपेक्षा करने और हजारों फर्जी एससी– एसटी प्रमाणपत्र जारी करने का गंभीर आरोप लगाया और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। हूल दिवस के अवसर पर बांकुड़ा जिले के मुकुटमणिपुर में आयोजित सरकारी राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार के समय बड़ी संख्या में फर्जी एससी–एसटी प्रमाणपत्र जारी किए गए। जिन्होंने फर्जी प्रमाणपत्र लिया है तथा जिन्होंने जारी किया है, इसकी जांच चल रही है। दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दोषी पाए जाने पर दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा और आदिवासियों के अधिकारों के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान आदिवासी समुदाय के विकास के लिए कई बड़ी घोषणाएं भी की। मुख्यमंत्री बनने के बाद जंगलमहल क्षेत्र के अपने पहले दौरे में शुभेंदु ने कहा कि पहली बार भाजपा सरकार को सरकारी स्तर पर हूल दिवस मनाने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि जल, जमीन और अधिकार की लड़ाई को मजबूत किया जाएगा तथा आदिवासी समाज को विकास की मुख्यधारा में बराबरी का स्थान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि आदिवासी समाज नीचे नहीं बल्कि बराबरी के साथ विकास यात्रा में सहभागी बने और विकसित भारत निर्माण में अपनी भूमिका निभाए।

**'तृणमूल सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तक का अपमान किया'**

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि तृणमूल शासन के दौरान आदिवासी समाज को उनके बुनियादी अधिकारों और विकास योजनाओं से वंचित रखा गया। उन्होंने कहा कि कई मामलों में तृणमूल का अत्याचार अंग्रेजों के शासन से भी आगे निकल गया था। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने एकलव्य विद्यालय के लिए जमीन तक उपलब्ध नहीं कराई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तक का अपमान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार आदिवासी समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा सरकार बनने के बाद केंद्र सरकार की कई योजनाएं अब राज्य में लागू की जा रही हैं, जिनका लाभ अगस्त महीने से लोगों को मिलना शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आदिवासी समुदाय को मिलने वाले जय जोहार भत्ता में 500 रुपये की वृद्धि की गई है। उन्होंने उल्लेख किया कि हाल में पेश भाजपा सरकार के पहले राज्य बजट में आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए 350 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज दिया गया है। छात्रावासों में रहने वाले आदिवासी छात्रों का खाद्य भत्ता बढ़ाकर 3300 रुपये किया गया है।

## अमित शाह 6 जुलाई को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कोलकाता के कार्यक्रम में होंगे शामिल



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 6 जुलाई को पश्चिम बंगाल का दौरा कर सकते हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को जानकारी दी। इस दिन, भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती है और वे कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में स्थित बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। भाजपा नेता के अनुसार, 6 जुलाई के कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार की शाम कोलकाता में भाजपा के साल्टलेक ऑफिस में एक बैठक हुई। इस बैठक में सीएम सुवेंदु अधिकारी के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सुनील बंसल, मंगल पांडे और अमित मालवीय समेत भाजपा के केंद्रीय नेता भी मौजूद थे। बैठक में मुखर्जी की जयंती मनाने के लिए तय किए गए कार्यक्रम की समीक्षा की गई।

### दरभंगा हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान स्पाइसजेट विमान का टायर फटा, 148 यात्री सुरक्षित

**दरभंगा :** बिहार के दरभंगा हवाई अड्डे पर मुंबई से आए स्पाइसजेट के एक विमान का उतरते समय टायर फट गया। इस घटना में विमान में सवार करीब 148 यात्रियों की जान बाल–बाल बच गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, स्पाइसजेट की उड़ान संख्या एसजी–115 सोमवार सुबह 9:48 बजे रनवे पर उतर रही थी, तभी विमान का एक टायर फट गया। यात्रियों ने बताया कि क्षतिग्रस्त पहिया कुछ दूरी तक रनवे पर घिसटता रहा, जिससे विमान में तेज कंपन महसूस हुआ और यात्रियों के बीच अफरा–तफरी मच गई। दरभंगा हवाई अड्डे के निदेशक दिलीप कुमार ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई और सभी यात्रियों को सामान्य तरीके से विमान से उतार लिया गया। विमान के पूरी तरह रुकते ही हवाई अड्डा प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई शुरू की और सभी 148 यात्रियों तथा चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद विमान को मुख्य रनवे से हटाकर एप्रन पर ले जाया गया, जहां तकनीकी जांच की गई और टायर फटने के कारणों का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई।

### वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अमित कुमार नये एसपीजी प्रमुख नियुक्त



**नयी दिल्ली :** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी अमित कुमार को मंगलवार को विशेष सुरक्षा दल (एसपीजी) का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया। एसपीजी प्रधानमंत्री एवं उनके सरकारी आवास पर उनके साथ रहने वाले निकटतम परिजनों की सुरक्षा का दायित्व संभालता है। बिहार कैडर के 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी कुमार फिलहाल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में विशेष महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने कुमार की एसपीजी में विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के रूप में नियुक्ति को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से मंजूरी दे दी है। आदेश में कहा गया है कि कुमार वर्तमान एस–पीजी निदेशक आलोक शर्मा का विस्तारित कार्यकाल अगले वर्ष 31 मार्च को पूरा होने के बाद एसपीजी के निदेशक का पदभार संभालेंगे। शर्मा 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर मंगलवार को सेवानिवृत्त होने वाले थे। उन्हें 24 जून को एसपीजी प्रमुख के रूप में नौ महीने का सेवा–विस्तार दिया गया था।

## बांग्लादेश में अज्ञात लोगों ने हिंदू छात्र को बंधक बनाया, उसके साथ मारपीट की

**ढाका :** बांग्लादेश में अज्ञात लोगों ने एक हिंदू छात्र को कथित तौर पर बंधक बना लिया और पैसे के लिए उसके साथ मारपीट की। यह छात्र एक मंदिर का पुजारी भी है। स्थानीय मीडिया में मंगलवार को प्रसारित खबर में यह जानकारी दी गई। समाचार पोर्टल 'बीडीन्यूज24' की खबर के मुताबिक, ढाका की जगन्नाथ विश्वविद्यालय में विधि पाठ्यक्रम के 25 वर्षीय छात्र सुभाष देउरी पर कुछ अज्ञात लोगों ने सोमवार देर रात हमला कर दिया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि देउरी को उसके धर्म के कारण तो निशाना नहीं बनाया गया था। खबर के अनुसार, बाद में देउरी मंगलवार तड़के पुराने ढाका इलाके में अपने दोस्तों को सड़क पर बेहोशी की हालत में मिला, जिसके बाद उसे ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) ले जाया गया। डीएमसीएच पुलिस चौकी के प्रभारी मोहम्मद फारूक ने बताया कि देउरी को मंगलवार सुबह करीब सात बजे (स्थानीय समय) गंभीर हालत में आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया गया और अभी उसकी हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि पुलिस में घटना के सिलसिले में अभी कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। बांग्लादेश हिंदू–बौद्ध–ईसाई एकता परिषद की प्रवक्ता काजल देबनाथ ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, हमें इस घटना के बारे में पता चला है और हम इसकी पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या यह सिर्फ लूटपाट का मामला था। खुलना के मागुरा जिले का मूल निवासी देउरी ढाका में अपने दोस्त दुर्जय साहा के साथ किराये के अपार्टमेंट में रहता है। साहा ने 'बीडीन्यूज24' को बताया कि देउरी सोमवार रात करीब 11:30 बजे किसी काम के सिलसिले में अपार्टमेंट से बाहर निकला था। उसने कहा, मुझे देउरी के नंबर से फोन आया, जिसमें मुझसे कुछ पैसे भेजने के लिए कहा गया। मैं पैसे नहीं भेज सका, क्योंकि मेरे पास पैसे नहीं थे। अज्ञात व्यक्तियों ने पैसों के लिए देउरी के रिश्तेदारों से भी संपर्क किया।




## चिकित्सकों को यूं ही नहीं माना जाता भगवान के समान

भारत में प्रतिवर्ष एक जुलाई को डॉक्टरों के समर्पण और ईमानदारी के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है। केन्द्र सरकार द्वारा यह दिवस सबसे पहले वर्ष 1991 में मनाया था। भारत में जहां प्रतिवर्ष 1 जुलाई को चिकित्सक दिवस मनाया जाता है, वहीं कई दूसरे देशों में भी डॉक्टरों को सम्मान देने के लिए अलग-अलग तारीखों पर यह दिवस मनाया जाता है। अमेरिकी राज्य जॉर्जिया में पहली बार मार्च 1933 में डॉक्टर्स डे मनाया गया था। यह दिन चिकित्सकों को कार्ड भेजकर तथा मृत डॉक्टरों की कब्रों पर फूल चढ़ाकर मनाया जाता था। अमेरिका में यह दिवस 30 मार्च को, ईरान में 23 अगस्त को तथा क्यूबा में 3 दिसम्बर को मनाया जाता है। भारत में हर साल एक जुलाई को ही यह दिवस मनाए जाने का विशेष कारण है। दरअसल देश के जाने-माने चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री रहे डा. बिधान चंद्र राय की जयंती और पुण्यतिथि एक जुलाई को ही है और उन्हें श्रद्धांजलि एवं सम्मान देने के लिए ही राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के लिए यही दिन निर्धारित किया गया। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को बिहार के पटना जिले में हुआ था तथा निधन 1 जुलाई 1962 को हुआ। डा. बिधान चंद्र ने अपने जीवनकाल में चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने वर्ष 1911 में अपने चिकित्सकीय कैरियर की शुरुआत की और एक बेहतरीन डॉक्टर होने के साथ ही वे भारत की आजादी के आन्दोलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ भी रहे।

उन्होंने लंदन के प्रतिष्ठित सेंट बार्थोलोम्यू अस्पताल से डॉक्टरी की पढ़ाई की कोशिश की लेकिन तब उनके भारतीय होने के कारण उन्हें वहां दाखिला नहीं मिला। बिधानचंद्र भी अपनी धुन के पक्के और दृढ़निश्चयी थे, उन्होंने हार नहीं मानी और दाखिले के लिए करीब डेढ़ माह तक लगातार अस्पताल के डीन के पास आवेदन करते रहे। अंततः उनके दृढ़ निश्चय से प्रभावित होकर डीन ने 30वीं बार में उनका आवेदन स्वीकार कर लिया और अपनी लग्न तथा कड़ी मेहनत से उन्होंने मात्र सवा दो साल में ही डिग्री हासिल कर एक साथ फिजिशयन तथा सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल की। वहां से डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी करने के बाद स्वदेश लौटकर उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में अनेक क्रांतिकारी कार्यों को अंजाम दिया। उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए उन्हें 'बंगाल का आर्किटेक्ट' भी कहा जाता है। वर्ष 1961 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजे गए डा. बिधान चंद्र की याद में ही तत्कालीन केन्द्र सरकार द्वारा 1991 में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाने की घोषणा की गई थी, तभी से हर साल एक जुलाई को ही यह दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा किया जाता है।

हमारे समाज में तो डॉक्टरों को भगवान के समान यूं ही नहीं माना गया है। कोरोना महामारी से देश को उबारने में तो हमारे डॉक्टरों ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। ऐसे कठिन समय के दौरान डॉक्टर तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता जिस प्रकार दिन-रात कोविड मरीजों की देखभाल में जुटे रहे थे, उसके लिए पूरा समाज सदैव उनका ऋणी रहेगा। दरअसल न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में कोरोना महामारी के दौरान तो डॉक्टर फ्रंटलाइन योद्धा के रूप में सामने आए थे। महामारी के उस भयानक दौर में देवदूत बनकर लाखों लोगों का जीवन बचाने में डॉक्टरों ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कोरोना काल में बहुत से डॉक्टरों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों को नया जीवन प्रदान किया था। उस दौरान मरीजों की जान बचाते-बचाते प्राणघातक कोरोना वायरस के कारण सैंकड़ों डॉक्टरों की मौत भी हुई थी लेकिन फिर भी डॉक्टर पूरी दुनिया को कोरोना महामारी से उबारने में जुटे नजर आए थे। डॉक्टरों की ही बदौलत महामारी के उस भयावह दौर में करोड़ों लोगों का जीवन बचाया जा सका था।

सामान्य दिनों में भी डॉक्टर लोगों को विभिन्न प्रकार की घातक बीमारियों से निजात दिलाने में पूरी ताकत लगा देते हैं। ऐसे में चिकित्सक दिवस हमें स्मरण कराता है कि डॉक्टरों की हमारे जीवन में कितनी अहम भूमिका रहती है। कई बार कुछ गंभीर मरीजों के मामलों में लाख कोशिशों के बावजूद डॉक्टर सफल नहीं हो पाते और ऐसे कुछ अवसरों पर बिना उनकी किसी गलती के उन्हें ऐसे मरीज के परिजनों का गुस्सा भी झेलना पड़ता है। हालांकि ऐसे अधिकांश मामलों में मरीज की हालत ही इतनी गंभीर होती है कि डॉक्टर चाहकर भी मरीज के लिए ज्यादा कुछ नहीं कर पाते। स्विटजरलैण्ड के प्रख्यात मनोवैज्ञानिक तथा मनोचिकित्सक कार्ल गुस्ताव जंग ने एक बार कहा था कि दवाईयां बीमारियों का इलाज करती हैं लेकिन मरीजों को केवल डॉक्टर ही ठीक कर सकते हैं। उनका यह उद्धरण मौजूदा समय में तो सर्वाधिक प्रासंगिक नजर आता है। किसी भी मरीज की बीमारी की गंभीरता को देखते हुए उसके इलाज के लिए उपयुक्त दवाओं का चयन डॉक्टर ही करता है। कनाडा के सुप्रसिद्ध डॉक्टर विलियम ऑस्लर ने कहा था कि एक अच्छा डॉक्टर बीमारी का इलाज करता है जबकि महान् डॉक्टर उस मरीज का इलाज करता है, जिसे बीमारी है। -श्वेता गोयल

# भारत और खाड़ी संकट का आर्थिक प्रभाव: सब कुछ स्थिर और सामान्य रहा



वी. अनंत नागेश्वरन

जब फरवरी के अंत में हवाई हमलों के कारण हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य बंद हो गया - ऐसा समुद्री मार्ग जिससे होकर दुनिया के कच्चे तेल का करीब एक-पांचवां हिस्सा और भारत के कच्चे तेल और खाना पकाने के गैस का अधिकांश हिस्सा गुजरता है - तो भारत के लिए कहानी पहले ही लिखी हुई लग रही थी। एक ऐसा देश, जो अपने कच्चे तेल का दस में से नौ हिस्सा और आधे से ज्यादा खाना पकाने के गैस का खाड़ी से आयात करता है, उसके लिए आम तौर पर यही उम्मीद की जा रही थी कि पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगेंगी, रसोई में गैस खत्म हो जाएगी, रुपये की कीमत गिरेगी और डॉलर के लिए होड़ मचेगी। लगभग चार महीने बाद, जब जलडमरूमध्य फिर से खुल गया और कच्चे तेल की आपूर्ति अपने संकट-पूर्व स्तर के करीब पहुँच गयी, तो इनमें से कुछ भी नहीं हुआ। एक भी रिटेल आउटलेट बंद नहीं हुआ। जिस भी परिवार को सिलेंडर चाहिए था, उसे सिलेंडर मिल गया। भारत को न तो 1991 जैसे और न ही 2013 जैसे हालात का सामना करना पड़ा। व्यापक आर्थिक स्थिरता बनी रही।

यह कोई संयोग नहीं था और न ही यह सिर्फ़ किस्मत की बात थी। यह एक ऐसे सरकार का काम था, जिसने वही तरीका अपनाया, जो उसने महामारी के समय अपनाया था - जानबूझकर और धीरे-धीरे कदम उठाना, एक ही बार में कोई बड़ा या नाटकीय बदलाव करने के बजाय एक उपाय के ऊपर दूसरे उपाय को जोड़ना। पहली प्राथमिकता घर-परिवार थे। इस पूरी अवधि के दौरान, एक भी रिटेल आउटलेट का स्टॉक खत्म नहीं हुआ और हर रसोईघर में सिलेंडर मौजूद रहा। आयात से जुड़ी लागत के कारण 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 1,600 रुपये से ऊपर चली गई थी, फिर भी घरों के लिए इसकी कीमत 900 रुपये के आसपास ही रखी गई और सबसे गरीब लोगों के लिए तो यह कीमत और भी कम थी। महामारी के शुरुआती महीनों की यादें एक सबक थीं, जब प्रवासी मजदूरों में मची घबराहट के कारण गांवों की ओर लौटने वालों की लहर चल पड़ी थी। वाणिज्यिक और थोक उपयोगकर्ताओं को घरों की जरूरत को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया।

पूरी अर्थव्यवस्था को चलाने वाले ईंधन के मामले में, सरकार ने इसका बोझ खुद उठाने का फ़ैसला किया, न कि इसे आम लोगों पर डाला। सरकार ने पेट्रोल और डीज़ल पर उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की, जिससे उसे लगभग 1.7 लाख करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ, इसके अलावा विमानन ईंधन पर भी बोझ कम किया गया। इसके बाद तेल विपणन कंपनियों ने दो महीने से ज़्यादा समय तक पंप पर कीमतें स्थिर रखीं और फिर एक बार मामूली बदलाव किया। इसके पीछे की वजह साफ़ है: ऐसी अनिश्चितता के समय में, सिर्फ़ सरकार के पास ही जोखिम उठाने के लिए ज़रूरी बैलेंस शीट और समय होता है; और इसने परिवारों और कंपनियों पर असर डालने के बजाय राजकोषीय खाते पर बोझ डालने का विकल्प चुना। एयरलाइंस के लिए खास समर्थन तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए ऋण-गारंटी योजना, कोविड के दौर में अपनाए गए खास और असरदार उपायों के मॉडल पर ही आधारित थीं।

कीमत में राहत के पीछे आपूर्ति की मजबूत स्थिति थी। घरेलू रिफाइनरियों ने एक हफ्ते में ही रसोई गैस का उत्पादन आधा बढ़ा दिया, जिससे आयात से आने वाली गैस की कमी काफी हद तक पूरी हो गई। भारत ने जल्दी ही अपने स्रोतों का विस्तार किया, अमेरिका और रूस से खरीद बढ़ायी और नए आपूर्तिकर्ता देश जोड़े, ताकि जलडमरूमध्य से होकर कम ऊर्जा आये; साथ ही रूसी कच्चा तेल खरीदना जारी रखने के लिए ज़रूरी छूट भी हासिल कर ली। सरकार ने लंबी अवधि के लिए भी कदम उठाए: घरों को सिलेंडर के बदले पाइप से गैस पहुँचाना, कोयले गैसीकरण कार्यक्रम, ईथेनॉल मिश्रण को और बढ़ावा देना तथा प्रधानमंत्री की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा के दौरान रणनीतिक तौर पर कच्चा तेल भंडारण पर सहमति। भारत उन कुछ देशों में से एक था, जिसने होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुज़रने वाले जहाजों की संख्या बहुत कम हो जाने के बावजूद अपना कार्गो लाना जारी रखा।

बाहरी खातों को भी उतने ही धैर्य के साथ संभाला गया। सरकार ने सरकारी कर्ज़ की विदेशी संस्थागत खरीद पर लगी रोक और पूंजीगत लाभ टैक्स हटा दिए और पूर्ण पहुँच रूट के तहत प्रतिभूतियों का दायरा बढ़ाया, जिससे बॉन्ड मार्केट में पैसा आया। एक नई गैर-निवासी डॉलर जमा योजना से काफी बड़ी राशि में डॉलर आने की उम्मीद है। सालों में किए गए मुक्त व्यापार समझौते धीरे-धीरे अपने काम कर रहे थे: अप्रैल और मई 2026 के दौरान गैर-तेल, गैर-रत्न-आभूषण के अलावा वस्तु और सेवाओं का निर्यात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया।

प्रमुख आंकड़े भरोसा दिलाते हैं। पिछले वित्त वर्ष में सकल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश पैंतालीस अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो महामारी के बाद के वर्षों के सत्तर से अस्सी अरब डॉलर की सीमा को पार कर गया। चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 26 में जीडीपी का केवल 0.6 प्रतिशत था और अब उम्मीद है कि वित्त वर्ष 27 में यह इससे थोड़ा ही ज़्यादा होगा।

ईमानदारी से यह भी मानना होगा कि किस्मत ने भी साथ दिया। बंद होने के कुछ ही हफ्तों में कच्चा तेल एक सौ बीस डॉलर के पार पहुंच गया, लेकिन मई से चीन की तेल खरीद में कमी और अमेरिका के रिजर्व से लगातार तेल जारी होने से यह फिर से सौ डॉलर से नीचे आ गया, और चीन के उर्वरक निर्यात को फिर से शुरू करने से बजट को होने वाले भारी नुकसान से बचाया जा सका। अगर संघर्ष लंबे चले होते, या तेल एक सौ बीस डॉलर के करीब स्थिर रहता, तो स्थिति इतनी आरामदायक नहीं होती; ठोस नीति और अच्छी किस्मत दोनों ने अपना काम किया। वास्तव में, किस्मत अंततः ठोस नीतिकारों का ही साथ देती है।

आने वाले बदलावों के संकेत के तौर पर, गोल्डमैन सैक्स ने हाल ही में भारत के लिए अपने वृद्धि पूर्वानुमान को सीवाई 26 के लिए 6.8% और वित्त वर्ष 27 के लिए 6.5% तक बढ़ा दिया है, जो पहले के पूर्वानुमानों से दोनों के लिए 30 बीपी अधिक हैं।

हालांकि, मध्यम अवधि में आत्मसंतोष की कोई गुंजाइश नहीं है। एक ऐसी दुनिया में जहाँ गठबंधन विभाजित हैं, हथियारबंद आपूर्ति श्रृंखलाएँ हैं और ऐसी पूंजी, जो कभी भी आ-जा सकती है, भुगतान संतुलन पर दबाव उस संघर्ष से भी लंबा रह सकता है, जिसने उसे खतरे में डाला था। भारत को विदेशी प्रत्यक्ष निवेश आकर्षित करने पर बहुत अधिक ध्यान देना चाहिए। संतुलित द्विपक्षीय निवेश संधि रूपरेखा, कर नीति में निश्चितता, राज्य सरकारों द्वारा अनुबंधों की अखंडता का सम्मान, भरोसेमंद लॉजिस्टिक्स और एकल-खिड़की मंजूरी, जो वास्तव में काम करती हो, अब उन वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को आकर्षित करेंगे, जो अपने जोखिम को कम करने के लिए अलग-अलग जगहों पर विस्तार करने की कोशिश कर रही हैं।

असली समस्या आयात पर निर्भरता है और यह सिर्फ़ ऊर्जा से संबंधित नहीं है। माल व्यापार घाटा राष्ट्रीय आय का लगभग आठ प्रतिशत है; अगर तेल निकाल दें, तो यह पांच प्रतिशत है; तेल और सोना निकाल दें, तो भी यह साढ़े तीन प्रतिशत रहता है। तुलनात्मक रूप से बड़े देशों की अर्थव्यवस्थाएं बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। भारत को उन चीज़ों का उत्पादन देश में ही करना चाहिए जिन्हें वह प्रतिस्पर्धी ढंग से बना सकता है और जिनकी उसे ज़रूरत है। देश की कंपनियों और व्यापार संघों को अपने समझौतों पर ज्यादा मेहनत करना होगा - खासकर यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ के नए समझौते, जो इस साल लागू होंगे और श्रम-गहन निर्यात को बढ़ावा देंगे। यह सब कुशल लोगों के बिना संभव नहीं है, इसलिए युवाओं को व्यापार से जुड़े कौशल सिखाने का काम अब युद्ध स्तर पर किया जाना चाहिए। इन कामों के लिए लगन और तेज़ी की ज़रूरत होगी। इन पर ध्यान देते हुए, सरकार को दक्षिण-पश्चिम मॉनसून पर भी ध्यान देना होगा जिसने अब तक निराश किया है, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के आगमन पर भी विचार करना होगा कि भारतीय काम और भारतीय जीवन के लिए इसके मायने क्या होंगे। खाड़ी संघर्ष ने एक प्रकार की सहनशीलता की परीक्षा ली; आने वाले साल दूसरे प्रकार की परीक्षाएं लेंगे। भारत ने पहली परीक्षा को अच्छे ढंग से पूरा किया। यह आत्मविश्वास का एक कारण है - और अगले काम में लगने का भी कारण है।

(वी. अनंत नागेश्वरन भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार हैं। ये उनके निजी विचार हैं।)

# मानवता के सबसे बड़े जीवन-रक्षक को नमन



योगेश कुमार गोयल



**राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (1 जुलाई) पर विशेष**

चिकित्सकों के समाज के प्रति समर्पण एवं प्रतिबद्धता के लिए कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने तथा मेडिकल छात्रों को प्रेरित करने के लिए प्रतिवर्ष एक जुलाई को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है। इस साल राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 'मुखौटे के पीछे: चिकित्सकों का उपचार कौन करता है?' (इशहळपव ींहश चरीज्ञ: थहे क्शरश्री ींहश क्शरश्रशीी?) विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय डॉक्टरों की भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक भलाई को स्वीकार करने और उसका समर्थन करने की आवश्यकता पर बल देता है, यह स्वीकार करते हुए कि उन्हें भी देखभाल और समर्थन की आवश्यकता है जबकि वे अपना जीवन दूसरों की देखभाल के लिए समर्पित करते हैं। वैसे चिकित्सक दिवस मनाने का मूल उद्देश्य चिकित्सकों की बहुमूल्य सेवा, भूमिका और महत्व के संबंध में आमजन को जागरूक करना, चिकित्सकों का सम्मान करना और साथ ही चिकित्सकों को भी उनके पेशे के प्रति जागरूक करना है। दरअसल कुछ चिकित्सक ऐसे भी देखे जाते हैं, जो अपने इस सम्मानित पेशे के प्रति ईमानदार नहीं होते लेकिन ऐसे चिकित्सकों की भी कमी नहीं, जिनमें अपने पेशे के प्रति समर्पण की कमी नहीं होती। बिना चिकित्सा व्यवस्था के इंसान की जिंदगी कैसी होती, इसकी कल्पना मात्र से ही रोम-रोम सिहर जाता है। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में चिकित्सकों का महत्व सदा से रहा है और हमेशा रहेगा।

भारतीय समाज में चिकित्सकों को भगवान के समान दर्जा दिया गया है। हालांकि यह अलग बात है कि निजी अस्पतालों में डॉक्टरों और अन्य स्टाफ की भूमिका पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं लेकिन यह भी सच है कि चिकित्सक लोगों को विभिन्न प्रकार की घातक बीमारियों से निजात दिलाने में पूरी ताकत लगा देते हैं। भारत में चिकित्सक दिवस की स्थापना वर्ष 1991 में हुई थी। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और जाने-माने चिकित्सक डा. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में चिकित्सकों की उपलब्धियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने वाले डॉक्टरों के सम्मान के लिए इसका आयोजन होता है। वे एक जाने-माने चिकित्सक, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और वर्ष 1948 से 1962 में जीवन के अंतिम क्षणों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, बिधाननगर, अशोकनगर, कल्याणी तथा हबरा नामक पांच शहरों की स्थापना की थी। संभवतः इसीलिए उन्हें पश्चिम बंगाल का महान वास्तुकार भी कहा जाता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 1911 में एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से ली। उन्होंने एक साथ फिजिशयन और सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल कर हर किसी को अपनी प्रतिभा से हतप्रभ कर दिया था। वर्ष 1911 में भारत में ही एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने अपने चिकित्सा कैरियर की शुरूआत की। वे कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शिक्षक नियुक्त हुए। वर्ष 1922 में वे कलकत्ता मेडिकल जनरल के सम्पादक और बोर्ड के सदस्य बने। 1926 में उन्होंने अपना पहला राजनीतिक भाषण दिया और 1928 में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य भी चुने गए।

डा. बिधान चंद्र रॉय ने 1928 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के गठन और भारत की मेडिकल काउंसिल (एमसीआई) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई बड़े-बड़े पदों पर रहने के बाद भी वे प्रतिदिन गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज किया करते थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् उन्होंने अपना समस्त जीवन चिकित्सा सेवा को समर्पित कर दिया। बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं को आम जनता की पहुंच के भीतर लाने के लिए वे जीवन पर्यन्त प्रयासरत रहे। 4 फरवरी 1961 को उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। 1967 में दिल्ली में उनके सम्मान में डा. बी.सी. रॉय स्मारक पुस्तकालय की स्थापना हुई और 1976 में उनकी स्मृति में केन्द्र सरकार द्वारा डा. बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना की गई। संयोगवश डा. रॉय का जन्म और मृत्यु एक जुलाई को ही हुई थी। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को पटना में हुआ था और मृत्यु 1 जुलाई 1962 को हृदयाघात से कोलकाता में हुई थी।

भारत के अलावा दूसरे देशों में भी चिकित्सकों के सम्मान में ऐसे ही दिवस मनाए जाते हैं किन्तु वहां उनका आयोजन अलग-अलग तारीखों में होता है। वैसे चिकित्सक दिवस की शुरूआत सबसे पहले अमेरिका के जॉर्जिया में हुई थी। वहां चिकित्सकों के सम्मान के लिए एक दिन निश्चित करने का सुझाव जॉर्जिया निवासी डा. चार्ल्स बी एलमंड की पत्नी यूडोरा ब्राउन एलमंड ने 30 मार्च 1933 को दिया था। 30 मार्च 1958 को यूएस के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स ने उनके उस सुझाव को स्वीकार करते हुए यह दिवस मनाना शुरू किया। वहां इसके लिए 30 मार्च की तारीख इसलिए रखी गई क्योंकि जॉर्जिया में इसी दिन डा. क्राफोर्ड डब्ल्यू लोंग ने पहली बार ऑपरेशन के लिए एनेस्थीसिया का उपयोग किया था। जहां अमेरिका में 30 मार्च को चिकित्सक दिवस मनाया जाता है, वहीं वियतनाम में इसकी स्थापना 28 फरवरी 1955 को हुई थी और वहां तभी से 28 फरवरी को या उसके आसपास वाले किसी दिन यह दिवस मनाया जाता है। ब्राजील में महान चिकित्सक रहे कैथोलिक चर्च के सेंट ल्यूक के जन्मदिवस के अवसर पर 18 अक्तूबर को जबकि क्यूबा में पीले बुखार पर शोध करने वाले चिकित्सक कार्लोस जुआन फिनले के जन्मदिवस 3 दिसम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। नेपाल में यह दिवस नेपाल मेडिकल एसोसिएशन की स्थापना के बाद 4 मार्च को तथा ईरान में महान चिकित्सक एविसेना के जन्मदिवस के अवसर पर 23 अगस्त को मनाया जाता है।

बहरहाल, चूंकि चिकित्सकों को पृथ्वी पर भगवान का रूप माना गया है, इसलिए समाज की भी उनसे यही अपेक्षा रहती है कि वे अपना कर्त्तव्य ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ निभाएं। हालांकि निजी अस्पतालों के कुछ चिकित्सकों पर मरीजों और उनके परिजनों के साथ लापरवाही और लूट के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। दरअसल निजी चिकित्सा तंत्र मुनाफाखोरी के व्यवसाय में परिवर्तित हो चुका है लेकिन फिर भी इस दीगर सच को भी नकारा नहीं जा सकता कि कोरोना हो या कैंसर, हृदय रोग, एड्स, मधुमेह इत्यादि कोई भी बीमारी, छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी बीमारियों से चिकित्सक ही करोड़ों लोगों को उबारते हैं। चूंकि चिकित्सक प्रायः मरीज को मौत के मुंह से भी बचाकर ले आते हैं, इसीलिए चिकित्सकों को भगवान का रूप माना जाता रहा है। चिकित्सा केवल पैसा कमाने के लिए एक पेशा मात्र नहीं है बल्कि समाज के कल्याण और उत्थान का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। इसीलिए चिकित्सक को सदैव सम्मान की नजर से देखने वाले समाज के प्रति उनसे भी समर्पण की उम्मीद की जाती है।

(लेखक 36 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार तथा 'सागर से अंतरिक्ष तक: भारत की रक्षा क्रांति' सहित कई चर्चित पुस्तकों के लेखक हैं)

## विदेश

### ईरान के राष्ट्रपति के साथ बातचीत में मोदी ने होर्मुज में नौवहन की आज़ादी पर जोर दिया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन से फ़ोन पर बातचीत की। पेज़ेश्कियन ने उन्हें पश्चिम एशिया में हाल की घटनाओं और आगे की राह के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ईरान के राष्ट्रपति के साथ बातचीत में उन्होंने भारत और दुनिया के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही की आज़ादी के महत्व को फिर से दोहराया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने बनी सहमति का स्वागत किया और भारत के इस रुख को दोहराया कि सभी मुद्दों को बातचीत और कूटनीति के ज़रिए सुलझाया जाना चाहिए। मोदी ने क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने तथा नौवहन एवं व्यापार की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लगातार प्रयास करने की आवश्यकता को दोहराया। बयान के अनुसार, फ़ोन पर हुई बातचीत के दौरान ईरान के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम और आगे की राह के बारे में जानकारी दी।

### सिंधु जल संधि 'वैध, बाध्यकारी और लागू' है: पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री डार

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री इशहाक डार ने मंगलवार को कहा कि उनका देश सिंधु जल संधि को रद्द करने के भारत के फ़ैसले को खारिज करता है और यह ''अब भी वैध, बाध्यकारी और लागू है।'' भारत ने पिछले साल अप्रैल में पाकिस्तान के साथ 1960 की संधि को स्थगित कर दिया था। यह कदम फरवरी में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में उठाया गया था जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 1 जुलाई, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ कृष्णपक्ष प्रतिपदा, 07:38 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 06:43 तक, योग : इंद्र, 15:53 तक, सूर्योदय: 04:55, सूर्यास्त: 18:25, चन्द्रोदय : 20:17, चन्द्रास्त: 06:25, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 12:17 से 13:57

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए संतोष, सफलता और खुशियों की मधुर सौगात लेकर आया है। व्यापार से जुड़े आपके प्रयास रंग लाते दिखाई देंगे और किसी योजना से अच्छा लाभ मिलने के संकेत हैं।

**वृष :** आज भाग्य आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाता दिखाई दे रहा है। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिल सकता है, जिससे मन हल्का और प्रसन्न महसूस करेगा।

**मिथुन :** आज का दिन धैर्य और समझदारी की परीक्षा ले सकता है, लेकिन अंत में राहत भी देगा। लंबे समय से रुका हुआ कोई सरकारी कार्य पूरा होने की दिशा में बढ़ सकता है।

**कर्क :** आज का दिन शांत और संतुलित ऊर्जा लेकर आया है। यदि वैवाहिक जीवन में पिछले दिनों कुछ खटास या गलतफहमियां थीं, तो अब रिश्तों में फिर से मिठास लौटती दिखाई दे रही है।

**सिंह :** आज आपके व्यक्तित्व का तेज चारों ओर आकर्षण का केंद्र बन सकता है। मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि के संकेत हैं। आज अपनी सुविधाओं और इच्छाओं पर खर्च भी बढ़ सकता है।

**कन्या :** आज आपके सामने नए अवसरों के कई द्वार खुल सकते हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है। कार्य से जुड़ी यात्रा भी लाभदायक सिद्ध हो सकती है।

**तुला :** आज का दिन प्रगति, आकर्षण और नई संभावनाओं का संदेश लेकर आया है। अविवाहित लोगों के जीवन में कोई ऐसा व्यक्ति प्रवेश कर सकता है जो भविष्य में खास स्थान बना ले।

**वृश्चिक :** आज आपको हर कदम सोच-समझकर उठाने की आवश्यकता है। जल्दबाजी में लिया गया निर्णय बाद में सुधार की मांग कर सकता है। खर्चों पर नियंत्रण रखना आवश्यक होगा।

**धनु :** आज सकारात्मक ऊर्जा आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलती दिखाई दे रही है। वाहन चलाते समय सावधानी जरूर रखें, क्योंकि छोटी-सी लापरवाही परेशानी खड़ी कर सकती है।

**मकर :** आज व्यापार और कार्यक्षेत्र में वृद्धि के संकेत उत्साह बढ़ाने वाले हैं। लंबे समय से रुकी हुई कोई डील अब पूरी हो सकती है और इसका लाभ आपको आर्थिक रूप से मजबूत बना सकता है।

**कुम्भ :** आज का दिन नई जानकारियां और नए अवसर लेकर आ सकता है। यात्रा या किसी मुलाकात के दौरान मिली एक महत्वपूर्ण सूचना भविष्य में बड़ा लाभ दे सकती है।

**मीन :** आज मेहनत और समर्पण आपका सबसे बड़ा हथियार साबित होगा। कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयासों का सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें।

## वर्ग पहेली नं. 3479

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | ■ | | ■ | 11 | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ | |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | 19 | 20 | ■ |
| 21 | | ■ | 22 | | | ■ | 23 | | 24 |
| | ■ | 25 | | | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | 28 | | ■ | | ■ | 29 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 30 | | | | ■ | 31 | |

*बायें से दायें :-* 1) ख़ौफ़नाक, 4) आश्चर्यजनक, 7) उथल-पुथल, 8) एक भाषा, 9) संस्था; अधिवेशन, 11) घड़ा, 13) सच्चाई, 15) आधा; चीर्णपर्णी वृक्ष, 16) ज़लज़ला, 18) स्वार्थी, 21) नमकीन, 22) तत्पर; कटिबद्ध; आतुर, 23) एक लंबोतरा मीठा कंद, 25) गुज़ारा, 26) ज़िंदा, 27) क़ालीन, 29) गीला, 30) मंडप, 31) मुक्त.

*ऊपर से नीचे :-* 1) मानसिक असंतोष, 2) पत्नी *(बोलचाल)*; न तू न मैं; यह नहीं, 3) शपथपूर्वक, 4) वस्त्र टाँगने के लिए बँधी रस्सी या बाँस, 5) एक पालतू जानवर, 6) उकसाना, 10) बंधुत्व, 12) मिट्टी का बना बाल्टी जैसा पात्र जिसमें फूल-पौधे लगाए जाते हैं, 14) रुपया-पैसा, 16) अन्न और वस्त्र के कष्ट से पीडित, 17) रणांगण, 19) चौबीसों घंटे, 20) वस्तु, 22) आशा; इच्छा; भरोसा, 24) एक फल, 25) अवशिष्ट, 26) हराना, 28) एक फल.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | जू | बा | ■ | के | ■ | ना | जा | य | ज़ |
| रा | ■ | प | रि | चा | रि | का | ■ | क़ी | ■ |
| ज | ब | ■ | श्व | ■ | श्वा | ■ | स | न | की |
| क | र | ■ | त | ब | ■ | म | ही | न | ■ |
| ता | क | त | ■ | रा | ह | त | ■ | ■ | अं |
| ■ | त | र | क़ी | ब | ■ | भि | खा | मं | गा |
| मुं | ■ | ती | ■ | र | ■ | न्न | ■ | ■ | रा |
| ब | र | ब | स | ■ | प | ता | कि | नी | ■ |
| ई | ■ | ■ | भी | त | री | ■ | लो | च | न |

## सुडोकू-पहेली-3444

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | | | 8 | |
| 3 | | | | 6 | 4 | 9 | | 2 |
| 6 | 1 | | | 2 | 8 | 5 | 7 | |
| | | 3 | 2 | | | | 6 | |
| | 6 | 7 | 8 | | | 2 | | |
| | | 2 | 7 | | | 1 | 3 | 9 |
| | 8 | 6 | | | | | 5 | |
| | 3 | | | | | 7 | | 4 |
| | | | 3 | 1 | 9 | 6 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3443 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 4 |
| 4 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 2 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 4 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 9 | 3 | 4 | 1 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 9 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 |
| 1 | 9 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 |

# तृणमूल नेताओं पर 'अंडा हमले' को लेकर हाई कोर्ट सख्त, पुलिस से मांगी रिपोर्ट

**✒ कहा... 'सिर्फ गिरफ्तारी काफी नहीं'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट की एक डिवीजन बेंच ने मंगलवार को पुलिस को निर्देश दिया कि वह राज्य में 4 जून को हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित होने के बाद से राजनीतिक नेताओं और कार्यकर्ताओं पर अंडे फेंके जाने की घटनाओं में की गई कार्रवाई पर रिपोर्ट सौंपे। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस पार्थ सारथी चटर्जी की डिवीजन बेंच ने तृणमूल कांग्रेस की जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य पुलिस को यह निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की मौजूदगी



में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं (जिनमें पार्टी के पूर्व और मौजूदा चुने हुए जनप्रतिनिधि भी शामिल थे) पर अंडे फेंके और पुलिस इन हमलों के दौरान मूकदर्शक बनी रही। हालांकि, डिवीजन बेंच ने इस मामले में अंतरिम आदेश की याचिकाकर्ता की मांग को खारिज कर दिया।

**❑ सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य प्रशासन की जिम्मेदारी : हाई कोर्ट**

मंगलवार को सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने कहा कि राज्य सरकार को कोर्ट को यह बताना चाहिए कि पुलिस प्रशासन ने ऐसे अंडा फेंकने वाले हमलों को रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि मामले में शामिल कुछ लोगों को गिरफ्तार करना ही काफी नहीं होगा, बल्कि व्यापक सामाजिक जागरूकता पैदा की जानी चाहिए। डिवीजन बेंच ने इस बात पर जोर दिया कि सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य प्रशासन की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार के वकील ने कोर्ट को बताया कि प्रशासन लोगों से बार-बार कानून हाथ में न लेने की अपील कर रहा है, लेकिन मामले में कोई ठोस शिकायत दर्ज न होने के कारण प्रशासन के पास करने के लिए बहुत कुछ नहीं है। इसके जवाब में याचिकाकर्ता के वकील और तृणमूल कांग्रेस के चार बार के लोकसभा सदस्य कल्याण बनर्जी ने पुलिस पर अंडा फेंकने की ऐसी घटनाओं के पीछे मुख्य सूत्रधार होने का आरोप लगाया बनर्जी ने तर्क दिया कि ऐसे हमले हवाई अड्डों जैसी सुरक्षित जगहों पर भी हो रहे हैं। एक मंत्री लोगों से अंडे फेंकने के लिए कह रहा है। सरकार ने क्या कदम उठाए हैं और इन्हीं आधारों पर कोर्ट से अंतरिम आदेश की मांग की, जिसे खारिज कर दिया गया।

## फंड विवाद : कालीघाट टीएमसी को हाई कोर्ट में झटका, त्वरित सुनवाई की मांग खारिज

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बैंक खाते से लेन-देन पर रोक लगाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल गुट की याचिका को प्राथमिकता देने से इनकार करते हुए न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने कहा कि मामले की सुनवाई सूचीबद्धता क्रम के अनुसार ही होगी। ममता बनर्जी नीत गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता किशोर दत्ता ने अदालत को बताया कि पार्टी के तीन बैंक खातों पर 'डेबिट फ्रीज' लगा दिया गया है, जिससे इन खातों से होने वाले सभी बाहरी लेनदेन पर रोक लग गई है। उन्होंने मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। हालांकि, अदालत ने तत्काल सुनवाई का अनुरोध खारिज कर दिया। उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस के जिन तीन बैंक खातों पर रोक लगाई गई है, उनमें लगभग 440 करोड़ रुपये जमा हैं। यह कार्रवाई बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी के समर्थक कुछ विधायकों द्वारा बिधाननगर पुलिस आयुक्तालय के साइबर अपराध थाने में दर्ज कराई गई शिकायतों के बाद की गई है। शिकायत में उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कर खातों की विस्तृत जांच कराने की मांग की थी। विधायकों ने अपनी शिकायत में बैंक खातों में जमा धन के स्रोत पर सवाल उठाते हुए सभी लेन-देन की जांच कराने की मांग की। उन्होंने जांचकर्ताओं से यह पता लगाने का आग्रह किया कि खातों में जमा धन वैध स्रोतों से आया है या फिर कथित अवैध गतिविधियों, जैसे 'कट मनी' की वसूली, सार्वजनिक धन के दुरुपयोग और घोटालों से अर्जित रकम से जुड़ा हुआ है।

# सैलरी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर से हिचकिचा रहे प्रशासक

**✒ प्रबंधन समिति भंग होने से मुश्किल में अंशकालिक शिक्षक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य के सरकारी स्कूलों की प्रबंधन समिति भंग कर दी गई हैं और प्रशासक नियुक्त कर दिए गए हैं। इससे अंशकालिक शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डर है कि एक जुलाई से उनकी सैलरी रोकी जा सकती है। क्योंकि, चूंकि नियुक्तियां प्रबंधन समितियों के जरिए होती हैं, इसलिए कुछ प्रशासक इस प्रक्रिया की ज़िम्मेदारी लेने और सैलरी पेपर पर साइन करने में हिचकिचा रहे हैं। इससे कई स्कूलों में पढ़ाई बाधित होने का डर है। हुगली के एक स्कूल में उच्च माध्यमिक के वाणिज्य विभाग में करीब 200 छात्र हैं, लेकिन एक भी स्थायी शिक्षक नहीं है। पढ़ाई अंशकालिक शिक्षकों पर निर्भर है। कोलकाता, दक्षिण 24 परगना, नदिया, हावड़ा और मेदिनीपुर समेत कई जिलों में भी यही हाल है।

शिक्षक संगठनों का दावा है कि अंशकालिक शिक्षक स्थायी शिक्षकों की तरह ही अपनी ड्यूटी करते हैं, भले ही उन्हें सैलरी के तौर पर सिर्फ दो से चार हज़ार रुपये मिलते हों। अगर उनकी सैलरी रोकी गई तो कई लोग नौकरी छोड़ सकते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि स्कूलों में कोई ठहराव आए। समस्या होने पर, प्रशासकों को सलाह दी गई है कि वे जिला स्कूल निरीक्षक या विभाग से बात करके हल निकालें। कुछ स्कूलों ने पहले ही कम से कम थोड़ी सैलरी देने की पहल की है।

### मुख्यमंत्री की चेतावनी के 12 घंटे के भीतर हुमायूं कबीर की सभा के तीन आयोजक गिरफ्तार

# भड़काऊ बयान मामले में हुमायुं कबीर को पुलिस ने किया तलब

**✒ विधायक को दो अलग-अलग मामलों में 3 और 5 जुलाई को थाने में पेश होने का आदेश**

**मुर्शिदाबाद :** आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के प्रमुख और नोउदा विधायक हुमायूं कबीर की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। पुलिस ने मंगलवार को हुमायूं कबीर को हाल के दिनों में कथित रूप से भड़काऊ और उकसाऊ सार्वजनिक बयान देने के मामले में नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया है। यह नोटिस मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा विधानसभा में हुमायूं कबीर को आड़े हाथों लेने और यह कहने के 24 घंटे के भीतर जारी



किया गया कि अब उन्हें सबक सिखाने का समय आ गया है। पुलिस ने हुमायूं कबीर को दो अलग-अलग मामलों में पूछताछ के लिए तीन जुलाई को मुर्शिदाबाद जिले के शक्तिपुर थाने और पांच जुलाई को रेजीनगर थाने में जांच अधिकारी के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। पुलिस कर्मियों ने मंगलवार की सुबह मुर्शिदाबाद स्थित हुमायूं कबीर के घर पहुंचे और समन सौंपा। पुलिस के अनुसार, कबीर घर पर मौजूद नहीं थे, इसलिए नोटिस उनके परिवार के एक सदस्य को दिया गया। इससे पहले दिन में मुर्शिदाबाद पुलिस ने एजेयूपी के तीन स्थानीय नेताओं अमीनुल हक, अनीसुर रहमान और गोलाम मुस्तफा को गिरफ्तार किया। मुख्यमंत्री की चेतावनी के अगले ही दिन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रेजीनगर थाने में दर्ज मामले में गोलाम मुस्तफा और मोहम्मद अमीनुल हक को गिरफ्तार किया। गोलाम मुस्तफा आम जनता उन्नयन पार्टी के काशीपुर दो क्षेत्र के अध्यक्ष बताए जाते हैं। वहीं, शक्तिपुर थाने की पुलिस ने बेलडांगा दो नंबर ब्लॉक के पार्टी संयोजक अनिसुर रहमान को गिरफ्तार किया। पुलिस का आरोप है कि इन्हीं नेत-ाओं ने उन जनसभाओं का आयोजन किया था, जहां हुमायूं कबीर ने कथित तौर पर ऐसे बयान दिए, जिनसे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका थी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मुर्शिदाबाद के रेजीनगर और शक्तिपुर में आयोजित सभाओं के दौरान आम जनता उन्नयन पार्टी के विधायक हुमायूं कबीर के कुछ बयानों को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। आरोप है कि उनके भाषण में भड़काऊ टिप्पणियां की गई थीं। इस संबंध में रेजीनगर और शक्तिपुर थानों में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई थीं।

# हल्दिया रिफाइनरी की पाइपलाइन में लगी भीषण आग, एक की मौत

### घटना में 20 श्रमिक झुलसे, चार की हालत गंभीर

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले में हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड की नेफ्था पाइपलाइन में भीषण आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड की इस नेफ्था पाइपलाइन के एक छोटे हिस्से में करीब 15 घंटे बाद भी आग जल रही थी। पुलिस ने बताया कि 38 वर्षीय एक महिला ने शहर के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारियों के अनुसार, चार अन्य घायलों की हालत 'बेहद गंभीर' बनी हुई है और उनका अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जबकि 16 अन्य का जिले के विभिन्न चिकित्सा केंद्रों में उपचार किया जा रहा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है, सिवाय पाइपलाइन के पास एक छोटे से हिस्से को छोड़कर, जहां आग अब भी जल रही है। उन्होंने कहा कि नेफ्था की मौजूदगी के कारण आग को पूरी तरह से बुझाया नहीं जा सका है। इसमें आठ से 10 घंटे और लग सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार, आग लगने की सूचना सोमवार की देर रात करीब 2.45 बजे मिली। उन्होंने बताया कि यह तेजी से हल्दिया नगरपालिका के वार्ड 13 स्थित चिरंजीबपुर इलाके तक फैल गई, जिससे कई घर जलकर खाक हो गए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि भवानीपुर के रोबैयुल की पत्नी मन्नू बीबी की अस्पताल में मौत हो गई। चार अन्य की हालत भी बेहद गंभीर है। तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने बताया कि आग पर काबू के लिए दमकल की 12 गाड़ियों को मौके पर तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आग की इस घटना में 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें अधिकांश स्थानीय निवासी हैं। इनमें से पांच की हालत गंभीर है। कुछ घायलों का इलाज यहीं किया जा रहा है, जबकि कुछ को कोलकाता के अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने बताया कि घायलों में कंपनी के दो सुरक्षा कर्मी भी शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि सभी घायलों को पहले हल्दिया उपमंडलीय अस्पताल ले जाया गया था। बाद में, उनमें से पांच को तामलुक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया।

इस बीच, हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एचपीएल) ने एक बयान में कहा कि शुरुआती जानकारी से संकेत मिलता है कि यह घटना संभवत: उसके संयंत्र के पास नेफ्था की कथित चोरी वाली जगह पर हुई होगी। कंपनी ने बताया कि नेफ्था अत्यधिक ज्व-लनशील हाइड्रोकार्बन है और एचप-ीएल स्थानीय लोगों को पेट्रोलियम उत्पादों तक अनधिकृत पहुंच या उनके साथ छेड़छाड़ से जुड़े सुरक्षा जोखिमों के प्रति पहले भी कई बार आगाह कर चुका है। कंपनी ने कहा कि जांच पूरी होने से पहले इस घटना पर और अधिक टिप्पणी करना या जिम्मेदारी तय करना जल्दबाजी होगी। उसने कहा कि वह जांच एजेंसियों के साथ सहयोग जारी रखेगी। कंपनी ने कहा कि हम इस घटना से प्रभावित सभी लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

## जावा 42 आइवरी की ऑनलाइन बुकिंग शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** जावा 42 आइवरी मोटरसाइकिल अब अमेज़न और फ्लिपकार्ट के माध्यम से भी बुक की जा सकेगी। कंपनी के अनुसार, इस मॉडल को लॉन्च के बाद ग्राहकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। 350 सीसी श्रेणी की इस नियो-क्लासिक मोटरसाइकिल की एक्स-शोरूम कीमत 1,84,950 रुपये (नई दिल्ली) है। इसमें लिक्विड-कूल्ड जे-पैंथर इंजन, 6-स्पीड गियरबॉक्स, असिस्ट एवं स्लिपर क्लच तथा बेहतर ब्रेकिंग और हैंडलिंग जैसी विशेषताएं दी गई हैं। ऑनलाइन बुकिंग के बाद निकटतम अधिकृत डीलर ग्राहक से संपर्क कर शेष भुगतान, पंजीकरण, बीमा और वाहन की डिलीवरी की प्रक्रिया पूरी करेगा। यह सुविधा फिलहाल 118 शहरों में उपलब्ध है तथा 130 अधिकृत डीलरशिप इससे जुड़ी हैं। कंपनी ग्राहकों को वारंटी, सड़क किनारे सहायता और अन्य स्वामित्व लाभ भी उपलब्ध करा रही है।

## एल्पेनलीबे और स्विगी ने शुरू किया 'स्वीटेस्ट सिटी चैलेंज'

**कोलकाता, समाज्ञा :** परफेटी वैन मेले इंडिया के ब्रांड एल्पेनलीबे और स्विगी ने संयुक्त रूप से 'स्वीटेस्ट सिटी चैलेंज' शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य डिलीवरी पार्टनर्स के प्रति सम्मान, आभार और दयालु व्यवहार को बढ़ावा देना है। यह अभियान कोलकाता, मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई और पुणे समेत 20 से अधिक शहरों में चलाया जाएगा। कंपनी के सर्वेक्षण में करीब 28 हजार डिलीवरी पार्टनर्स ने बताया कि हर चार में से एक डिलीवरी बिना किसी अभिवादन या धन्यवाद के समाप्त हो जाती है। अभियान के तहत लोगों को डिलीवरी पार्टनर्स का मुस्कुराकर स्वागत करने, धन्यवाद देने, पानी की पेशकश करने और उनके प्रयासों की सराहना करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कंपनी का कहना है कि ऐसे छोटे-छोटे व्यवहार डिलीवरी पार्टनर्स के अनुभव को बेहतर बना सकते हैं और समाज में सकारात्मक माहौल बनाने में मदद करेंगे।

# राणाघाट नगरपालिका में महकमा शासक ने संभाला पदभार



**❑ चेयरमैन और वाइस चेयरमैन समेत 13 पार्षदों ने दिया इस्तीफा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस को एक और राजनीतिक झटका लगा है। इस बार, राणाघाट नगरपालिका पार्टी के हाथ से निकल गई है। चेयरमैन और वाइस चेयरमैन समेत 13 पार्षदों ने एक साथ इस्तीफा दे दिया। इस वजह से, निर्वाचित नगरपालिका बोर्ड लगभग बेअसर हो गया है। ऐसे में, राणाघाट के महकमा शासक ने मंगलवार से नगरपालिका की प्रशासनिक ज़िम्मेदारी संभाल ली है। इस दिन, महकमा शासक ने राणाघाट उत्तर-पश्चिम विधानसभा के विधायक पार्थसारथी चटर्जी की मौजूदगी में औपचारिक तौर पर पदभार संभाला।

# नतून बाजार में भगवान जगन्नाथ का महास्नान एवं कलश यात्रा धूमधाम से संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** नतून बाजार स्थित श्री जगन्नाथ स्वामी नूतन बाजार मंदिर ट्रस्ट के तत्व-ावधान में ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर भगवान जगन्नाथ के महास्नान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी आदित्यानंद महाराज द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ की गई। इसके बाद, भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का 108 महिलाओं द्वारा गंगा जल से जलाभिषेक किया गया। श्यामपुकुर की विधायक एवं राज्य मंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती ने कहा कि महाप्रभु के प्रति लोगों की आस्था देखकर वे अत्यंत प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा, ऐसे धार्मिक आयोजनों से ही सनातन धर्म जीवित है। जोड़ासांको के विधायक विजय ओझा ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या



में श्रद्धालुओं की उपस्थिति भक्ति और मंदिर की भव्यता को दर्शाती है। इस अवसर पर पूर्व मेयर एवं पार्षद मीना देवी पुरोहित, राधे श्याम अग्रवाल, बनवारी लाल सोती, जगमोहन बागला, सुरेंद्र अग्रवाल, पार्षद विजय उपाध्याय, राजेश सिन्हा, हेमचंद्र अग्रवाल, चांद रतन लखानी, विद्यासागर मंत्री, डॉ. प्रभात सिंह, विमल भिवानीवाला, मंजू दुगड़, दुर्गा व्यास, महेंद्र अग्रवाल, जेपी सिंह, नंद किशोर लाखोटिया, अमित गुप्ता, अमित भालोटिया, गिरधारीलाल मस्करा, सुरेंद्र खंडेलवाल, यशवंत सिंह एवं राजकुमार व्यास सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। महास्नान पूजन के मुख्य यजमान श्वेता-सुरज चोखानी रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिदानंद पारीक ने किया। ट्रस्ट के संस्थापक व संयोजक मनोज सिंह पराशर ने बताया कि महास्नान के बाद भगवान एकांतवास में चले जाते हैं, जिसके कारण मंदिर के कपाट 15 जुलाई तक बंद रहेंगे। उन्होंने आगे बताया कि इसके बाद 15 दिवसीय परंपरागत अनुष्ठान होंगे और अंत में रथयात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्नेह कुमार, संजय सोनकर, सचिन सोनकर, मुन्ना गुप्ता, दिलीप सोनकर, राजेश सिंह, विनोद सोनकर, सोनू साव, धर्मेंद्र गुप्ता, सुरेश केशरी, चंदन साव, मनीष गुप्ता, लक्ष्मण माली और दीपक साव सहित अन्य लोगों की सक्रिय भूमिका रही।

## उत्तर बंगाल में अगले दो दिनों में और बारिश होने की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के कारण उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों में और बारिश हो सकती है। मॉनसून की बारिश की वजह से क्षेत्र के कई निचले इलाकों में पानी भर गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों में गुरुवार की सुबह तक भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। उन्होंने बताया कि सक्रिय मॉनसून प्रणाली से पिछले 24 घंटों में जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई। लगातार बारिश की वजह से तीस्ता, जलढाका, डायना, लीश और घीश नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। आईएमडी ने दक्षिण बंगाल के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने और तेज हवाएं चलने का भी अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने कहा कि अनुकूल हवा के रुख और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के कारण दक्षिण बंगाल में चार जुलाई से बारिश की गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है।

## आईआईटी खड़गपुर ने डेंगू जोखिम आकलन के लिए 'क्लाईमेड' विकसित की

**खड़गपुर, समाज्ञा :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के अनुसंधानकर्ताओं ने भारत में डेंगू के जोखिम का आकलन करने के लिए 'क्लाईमेड' नाम से एक मॉडल विकसित किया है जो जलवायु की जानकारी और जगह-विशेष के आंकड़ों पर आधारित है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह मॉडल रोजाना मौसम की जानकारी, जमीन के इस्तेमाल की विशेषताओं, इंसानी आबादी के आंकड़े, बसावट के हालात और मच्छरों की प्रजातियों के लिए अनुकूल माहौल जैसी जानकारियों को एक साथ लाता है, ताकि एडीज मच्छरों से फैलने वाले डेंगू के जोखिम के बारे में समझने लायक संकेत मिल सकें। आईआईटी-खड़गपुर के समुद्र, नदी, वायुमंडल एवं भूमि विज्ञान केंद्र (कोरल) के प्रोफेसर एएनवी सत्यनारायण ने बताया कि डेंगू का खतरा कई मिली-जुली स्थितियों से तय होता है। उन्होंने कहा कि तापमान मच्छरों के काटने, उनके विकास, जीवित रहने और मच्छर के शरीर के अंदर वायरस के फैलने लायक बनने में लगने वाले समय को प्रभावित करता है। सत्यनारायण ने बताया कि क्लाईमेड को इन कारकों को एक साथ समझने के लिए डिज़ाइन किया गया है, न कि डेंगू के जोखिम को मौसम और रिपोर्ट किए गए मामलों के बीच केवल एक साधारण सांख्यिकीय संबंध के तौर पर देखने के लिए।

# विश्वकर्मा बंगाल के निर्माण में एमएसएमई की भूमिका सबसे अहम : फासी

**कोलकाता, समाज्ञा :** फेडरेशन ऑफ एसोसिएशंस ऑफ स्मॉल इंडस्ट्रीज ऑफ इंडिया (एफएएसआईआई) द्वारा अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस-2026 के अवसर पर कोलकाता के आईसीसीआर ऑडिटोरियम में विकसित बंगाल में एमएसएमई की असीम संभावनाएं विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम को इन्फ्राफ्यूजन इंजीनियरिंग लिमिटेड (आईएफएल) का सहयोग प्राप्त था। इसमें उद्योग, सरकार, बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों, स्टार्टअप, शिक्षाविदों और बड़ी संख्या में उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मंत्री दीपक बर्मन, डॉ. शंकर घोष, डॉ. इंद्रनील खान, अशोक डिंडा सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने एमएसएमई क्षेत्र को राज्य के आर्थिक विकास, रोजगार सृजन, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बताते हुए इसे प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

एफएएसआईआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैलेश्वर पांडा ने कहा, यदि





पश्चिम बंगाल को विकसित, समृद्ध और रोजगार संपन्न बनाना है तो एमएसएमई क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा में सबसे आगे रखना होगा। यही क्षेत्र युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला उद्यमी बना सकता है। संगोष्ठी में औद्योगिक नीति सुधार, आसान ऋण सुविधा, डिजिटल परिवर्तन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उत्पादन, तकनीकी नवाचार, निर्यात संवर्धन, स्टार्टअप इकोसिस्टम, महिला उद्यमिता, कौशल विकास और ग्रामीण उद्योगों के विस्तार जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर औद्योगिक विकास और उद्यमिता को समर्पित एक प्रेरणादायक गीत का लोकार्पण किया गया तथा सीएसआर के तहत आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीनें वितरित की गईं।

कार्यक्रम में श्री रामकृष्ण मिशन के अनंतश्री विभूषित श्रीश्री 1008 जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी परमात्मानंद गिरी जी महाराज, भारत सेवाश्रम संघ के पद्मश्री स्वामी प्रदीप्तानंद जी महाराज (कार्तिक महाराज) तथा महाराज हिरण्यमय गोस्वामी जी सहित अन्य धर्माचार्यों ने उद्योग, उद्यमिता, श्रम और राष्ट्र निर्माण को परस्पर पूरक बताते हुए समाज के सभी वर्गों से औद्योगिक विकास के इस अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया।

इस अवसर पर औद्योगिक विकास, नवाचार और उद्यमिता को नई दिशा देने वाले अग्रणी उद्योगपतियों एवं उद्यमियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ. अजीत कुमार जैन, संजय गोयनका, अनिल चनानी, सोमनाथ अडुकिया सहित अनेक प्रतिष्ठित उद्यमी शामिल थे। इस समारोह को सफल बनाने में फासी पश्चिम बंगाल के चेयरमैन संजय सुरेका, राष्ट्रीय आर्थिक सलाहकार शोभित छावछरिया, उपाध्यक्ष देवदत्त बनर्जी तथा संगठन के अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।

# रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए दो ट्रेनों की अवधि बढ़ाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते दो विशेष ट्रेनों के परिचालन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके तहत, 02024/02023 पटना-हावड़ा-पटना स्पेशल तथा 09451/09452 गांधीधाम-भागल-पुर-गांधीधाम स्पेशल निर्धारित अवधि तक संचालित होंगी। गांधीधाम-भागलपुर स्पेशल का संचालन उत्तरी रेलवे के लखनऊ स्टेशन पर ब्लॉक के कारण परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, 02024 पटना-हावड़ा स्पेशल अपने वर्तमान समय एवं सभी निर्धारित ठहराव के साथ 5 जुलाई से 27 सितंबर 2026 तक प्रत्येक रविवार को कुल 13 फेरों के लिए चलेगी। इसी प्रकार 02023 हावड़ा-पटना स्पेशल भी इसी अवधि में प्रत्येक रविवार को कुल 13 फेरों के लिए संचालित होगी।

वहीं, 09451/09452 गांधीधाम-भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल का परिचालन लखनऊ स्टेशन पर ब्लॉक के कारण परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल-फतेहपुर-प्रयागराज-ज्ञानपुर रोड-वाराणसी-औंड़िहार-गाजीपुर सिटी-छपरा-हाजीपुर के रास्ते दोनों दिशाओं में किया जाएगा। इस दौरान ट्रेन फतेहपुर, प्रयागराज, ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औंड़िहार, गाजीपुर सिटी, छपरा और हाजीपुर स्टेशनों पर रुकेगी। परिवर्तित मार्ग के कारण ट्रेन का लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज, बेतिया, सुगौली, बापूधाम मोतिहारी और चकिया स्टेशनों पर पूर्व निर्धारित ठहराव अस्थायी रूप से नहीं रहेगा। 09451 गांधीधाम-भागलपुर स्पेशल 3 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को कुल पांच फेरे लगाएगी, जबकि 09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल 6 जुलाई से 3 अगस्त 2026 तक प्रत्येक सोमवार को कुल पांच फेरों के लिए संचालित होगी।

# लायंस क्लब ऑफ कलकत्ता क्वेस्ट के अध्यक्ष बने एलएन राजकुमार प्रसाद, 13वें अधिष्ठापन समारोह का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** लायंस क्लब ऑफ कलकत्ता क्वेस्ट, डिस्ट्रिक्ट 322बी1 का 13वां अधिष्ठापन समारोह ली रोड स्थित वैभव शॉपिंग मॉल के रूफटॉप व्यू रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। समारोह में एलएन राजकुमार प्रसाद ने क्लब के अध्यक्ष के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने भी शपथ लेकर सेवा, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अध्यक्ष पदभार ग्रहण करने के बाद एलएन राजकुमार प्रसाद ने कहा कि लायंस क्लब की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक जनकल्याणकारी गतिविधियों का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने सभी





सदस्यों से सेवा, समर्पण और सामूहिक सहभागिता की भावना के साथ क्लब की गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

समारोह की मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एलएन मंजू चमारिया रहीं। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एलएन राजकुमार प्रसाद एवं उनकी टीम को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में क्लब समाज सेवा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में नई उपलब्धियां स्थापित करेगा। अधिष्ठापन एवं शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पीडीजी लायन एस.पी. भट्ट ने संपन्न कराई। कार्यक्रम में नारायण जैन ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए दूरदर्शी नेतृत्व, टीम भावना और मानव सेवा के मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार हैं।

नई कार्यकारिणी में एलएन एमडी फैयाज हनीफ ने सचिव तथा एलएन आशीष झुनझुनवाला ने कोषाध्यक्ष के रूप में दायित्व ग्रहण किया। दोनों पदाधिकारी अध्यक्ष एलएन राजकुमार प्रसाद के नेतृत्व में क्लब की सामाजिक एवं जनसेवा गतिविधियों को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम का संचालन पीडीजी लायन लेखा शर्मा के निर्देशन में हुआ। फंडरेजिंग चेयरमैन गिरधारी अग्रवाल ने कहा कि क्लब के सामाजिक कार्यों के लिए जो भी आवश्यकता होगी, उनकी ओर से पूरा सहयोग दिया जाएगा। वहीं, जोन चेयरपर्सन एवं डायरेक्टर लायन महेश कुमार गोयल ने नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की। समारोह में लायंस क्लब के अनेक सदस्य, पदाधिकारी, विशिष्ट अतिथि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पूर्व रेलवे ने शहीद इंस्पेक्टर ओम प्रकाश मीणा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के शहीद इंस्पेक्टर ओम प्रकाश मीणा के सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित करने हेतु 28 जून को नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर एक भावुक स्मरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस समारोह में पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ए. एन. सिन्हा ने रेलवे परिवार की ओर से शहीद को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इंस्पेक्टर ओम प्रकाश मीणा का



साहस, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा आरपीएफ के इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण वह रहा जब राष्ट्रीय पुलिस स्मारक शहीद के परिवार को सौंपा गया। यह स्मृति चिन्ह शहीद की पत्नी ललिता मीणा, उनके ससुर राम सुख मीणा तथा उनकी पुत्री दिक्षा मीणा ने स्वीकार किया। इस दौरान पूरा माहौल अत्यंत भावुक और शांत हो गया।

इंस्पेक्टर ओम प्रकाश मीणा ने 24 नवंबर 2025 को आरपीएफ अजिमगंज टीम के साथ एक छापेमारी एवं जांच अभियान का नेतृत्व करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्हें एक साहसी, ईमानदार और कर्तव्यपरायण अधिकारी के रूप में याद किया जाता है। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि इंस्पेक्टर मीणा का बलिदान देश की सुरक्षा की कीमत की याद दिलाता है और उनका साहस व समर्पण सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

# एनआईए ने 2023 राम नवमी हिंसा में पूर्व टीएमसी सांसद अपरूपा पोद्दार के पति को किया गिरफ्तार

## पुलिस के काम में बाधा देने का आरोप, पूर्व सांसद के खिलाफ केस दर्ज, थाने में किया तलब

**हुगली, समाज्ञा :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के नेता शाकिर अली को मार्च-अप्रैल 2023 में राज्य भर में राम नवमी रैलियों के दौरान भड़काई गई सार्वजनिक हिंसा की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। शाकिर अली पार्टी की पूर्व सांसद अपरूपा पोद्दार के पति हैं। अधिकारी ने बताया कि रिसड़ा नगरपालिका के वार्ड संख्या 4 के पार्षद अली को रिसड़ा में उनके घर से हिरासत में लिया गया। मंगलवार



सुबह एनआईए के एक दल ने सीआरपीएफ जवानों के साथ वहां तलाशी अभियान चलाया था। छापे के दौरान एनआईए अधिकारियों की लगभग पांच घंटे की पूछताछ में अली के जवाबों में विसंगतियां मिलने के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एक अधिकारी ने कहा कि शाकिर अली को 2023 के रिसड़ा राम नवमी हिंसा मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें सक्षम अदालत में पेश किया गया। जांच जारी है और हम साजिश और हिंसा से जुड़े सभी लोगों की भूमिका की जांच कर रहे हैं। पोद्दार के घर के बाहर उस वक्त अफरातफरी का माहौल बन गया जब एनआईए के अधिकारी संदिग्ध को पुलिस की गाड़ी में ले जाने की कोशिश कर रहे थे। अली की गिरफ्तारी की खबर फैलने के बाद उनके समर्थकों की भारी भीड़ घर के बाहर जमा हो गई थी; उन्होंने अली को ले जाने का विरोध किया, जिसके बाद पुलिस को लोगों को वहां से हटाना पड़ा। पूर्व सांसद को भी अपने घर के बाहर पुलिस के साथ बहस करते देखा गया। आरोप है कि उन्होंने उन महिला अधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की की, जिन्होंने उन्हें उस गाड़ी तक पहुंचने से रोकने की कोशिश की जिसमें उनके पति को ले जाया जा रहा था।

# अवैध वसूली के आरोप में गिरफ्तार तृणमूल नेता पर भीड़ का हमला, फेंके अंडे

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा स्टेशन परिसर में मंगलवार को अवैध वसूली के मामले में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के श्रमिक संगठन आईएनटीटीयूसी के हावड़ा जिला अध्यक्ष अरविंद दास उर्फ टाबलू को पुलिस जांच के लिए उनके कार्यालय ले जाया गया। इसी दौरान कार्यालय के बाहर मौजूद भीड़ ने अचानक उग्र होकर हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, अरविंद दास पर हावड़ा स्टेशन क्षेत्र के हॉकरों और व्यापारियों से प्रतिदिन लगभग एक लाख रुपये की अवैध वसूली करने का आरोप है। इस मामले में हावड़ा सिटी पुलिस ने उन्हें दो दिन पहले जलपाईगुड़ी से गिरफ्तार किया था और उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया था।



मंगलवार को जांच प्रक्रिया के तहत पुलिस उन्हें हावड़ा स्टेशन परिसर स्थित उनके कार्यालय लेकर पहुंची, जहां तलाशी अभियान चलाया गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान गुस्साए लोगों ने अरविंद दास पर अंडे फेंके और मारपीट की कोशिश करने लगे। हालांकि पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए हालात को नियंत्रित किया। इस दौरान पुलिस ने भीड़ में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में लिया और उन्हें गोलाबाड़ी थाना ले जाया गया, जहां उनसे पूछताछ जारी है।

### हिंसा से बेघर हुए लोगों को कानूनी मदद देने के लिए शुरू हुआ 'एक डाके अभिषेक'

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में विधानसभा चुनाव के बाद विभिन्न क्षेत्रों में तृणमूल कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं पर हमले तथा राजनीतिक मामलों में बढ़ती परेशानियों के बीच तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी ने एक बार फिर 'एक डाके अभिषेक' अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इसकी जानकारी उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। इस पहल का उद्देश्य उन तृणमूल कार्यकर्ताओं और समर्थकों को सहायता पहुंचाना है, जो चुनाव बाद हिंसा, घर छोड़ने की मजबूरी, उत्पीड़न या राजनीतिक कारणों से दर्ज मामलों का सामना कर रहे हैं। अभिषेक बनर्जी ने कहा है कि ऐसे लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में अभिषेक बनर्जी ने कहा कि घर छोड़ने को मजबूर, प्रताड़ित और राजनीतिक उद्देश्य से झूठे मामलों में फंसाए गए कार्यकर्ता किसी भी कानूनी सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं। यह हेल्पलाइन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक सक्रिय रहेगी। इसके लिए संपर्क नंबर जारी किया गया है - 7887778877।

### डोमजूर में अन्नपूर्णा योजना को लेकर पंचायत कार्यालय में ताला, भेदभाव के आरोप

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के डोमजूर स्थित रुद्रपुर ग्राम पंचायत कार्यालय में अन्नपूर्णा योजना की सुविधा और फॉर्म भरने में कथित भेदभाव के आरोप को लेकर सोमवार को लोगों ने ताला जड़ दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अन्नपूर्णा योजना के फॉर्म भरने की प्रक्रिया में पंचायत कर्मचारियों द्वारा पक्षपात किया जा रहा है। उनका कहना है कि जो लाभार्थी भाजपा से जुड़े हैं, उन्हें फॉर्म भरने में सहयोग नहीं दिया जा रहा, जबकि तृणमूल कांग्रेस से जुड़े लोगों को प्राथमिकता के साथ सहायता दी जा रही है। इसी के विरोध में लोगों ने पंचायत कार्यालय में ताला लगाकर प्रदर्शन किया। घटना की खबर मिलते ही डोमजूर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने हालात को शांत कराते हुए व्यवस्था बहाल कराई।

### भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले के आरोप में तृणमूल नेता शक्ति प्रताप सिंह गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** मध्य कोलकाता के गिरीश पार्क थाना क्षेत्र में अशांति फैलाने की एक घटना में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मंगलवार को तृणमूल नेता शक्ति प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्र बताते हैं कि उसे गिरीश पार्क इलाके में भाजपा कर्मियों पर हमला करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को उसे बैंकशाल अदालत में पेश किया जायेगा। बताया जा रहा है कि इस मामले में इससे पहले पुलिस ने मोहम्मद माजिद नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के बाद मंगलवार को शक्ति प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया गया।

# नेपाली पाड़ा में रेलवे का अतिक्रमण हटाओ अभियान, शालिमार स्टेशन के पास चला बुलडोजर

**हावड़ा, समाज्ञा :** शालिमार रेलवे स्टेशन के पास नेपाली पाड़ा इलाके में सोमवार सुबह रेलवे प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान बुलडोजर की मदद से रेलवे भूमि पर बने कई अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। जानकारी के अनुसार, लंबे समय से रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान और अन्य ढांचे बनाए गए थे। कई बार नोटिस जारी करने और निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए आरपीएफ और स्थानीय पुलिस की भारी तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। कार्रवाई के दौरान कई मकानों और अवैध



संरचनाओं को हटाया गया। रेलवे प्रशासन ने बताया कि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि का उपयोग भविष्य की रेलवे परियोजनाओं और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं के लिए किया जाएगा। अभियान के दौरान कुछ समय के लिए इलाके में तनाव की स्थिति बनी रही, हालांकि प्रशासन की कड़ी निगरानी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि रेलवे भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# 'डीजे' टिप्पणी मामले में अभिषेक बनर्जी को राहत नहीं, सुनवाई से अलग हुए न्यायाधीश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए कथित धमकीपूर्ण भाषण से जुड़े एक मामले में आवाज का नमूना देने के लिए पुलिस द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की याचिका को मंगलवार को दूसरी पीठ को सौंपने का निर्देश जारी किया। अदालत ने पुलिस के नोटिस पर रोक लगाने संबंधी अंतरिम आदेश के अनुरोध पर कोई आदेश पारित नहीं किया। याचिका को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाएगा ताकि इसे किसी दूसरी पीठ को सौंपा जा सके। न्यायमूर्ति घोष ने पाया कि इसी तरह का एक मामला उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ के समक्ष लंबित है, जिसके बाद उन्होंने यह निर्देश जारी किया। कथित धमकीपूर्ण भाषण से जुड़े मुख्य मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की पीठ के समक्ष जारी है। बता दें कि डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक ने प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने चुनाव प्रचार के दौरान अप्रैल में एक जनसभा में की गई टिप्पणियों को लेकर दर्ज प्राथमिकी के मामले में 21 मई को अभिषेक को 31 जुलाई तक अंतरिम राहत प्रदान की थी। अदालत ने उस समय अभिषेक को जांच में सहयोग करने और अदालत की अनुमति के बिना विदेश यात्रा नहीं करने का निर्देश दिया था।

### अभिषेक के सहयोगी को राहत नहीं, हाई कोर्ट का अग्रिम जमानत पर तत्काल सुनवाई से इनकार

भूमि सौदे में कथित धोखाधड़ी के मामले में तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी के निजी सहयोगी (पीए) सुमित राय को मंगलवार को तत्काल राहत नहीं मिल सकी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। अब मामले की सुनवाई नियमित पीठ के समक्ष होगी। मंगलवार को मामला न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष की अदालत में आया। हालांकि, राज्य सरकार को मामले की विधिवत सूचना नहीं दिए जाने और कुछ आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण अदालत ने याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले की सुनवाई नियमित पीठ के समक्ष होगी। सुमित राय की ओर से पेश अधिवक्ता ने अदालत से अनुरोध किया कि यदि उनके मुवक्किल जांच में शामिल होने के लिए पुलिस के समक्ष उपस्थित होते हैं तो तब तक उनके खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जाए। हालांकि, अदालत ने उन्हें कोई अंतरिम संरक्षण प्रदान नहीं किया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता राजदीप मजूमदार ने कहा कि यदि किसी आरोपी को अदालत से अंतरिम संरक्षण नहीं मिलता है तो पुलिस की कार्रवाई पर कोई कानूनी रोक नहीं रहती। ऐसे में जांच एजेंसी कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। मामले की अगली सुनवाई नियमित पीठ में होगी। बता दें कि सुमित राय के खिलाफ पूर्व मेदिनीपुर के शालबनी थाने में भूमि सौदे में कथित धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जमीन दिलाने का भरोसा देकर उससे 10 लाख रुपये लिए गए, लेकिन न तो जमीन मिली और न ही रकम वापस की गई। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि इसी तरह कई अन्य लोग भी कथित तौर पर ठगी का शिकार हुए हैं। पुलिस पिछले कई सप्ताह से सुमित राय की तलाश कर रही है।

# मोथाबाड़ी कांड : एनआईए ने 23 आरोपितों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

**✒ हत्या के प्रयास सहित कई आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह के कालियाचक स्थित मोथाबाड़ी में एसआईआर की सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों को बंधक बनाने व हमले तथा बदसलूकी मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को एनआईए ने कोलकाता के विशेष अदालत (विचार भवन) में दो अलग-अलग मामलों में कुल 23 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल किया। इन आरोपितों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत हत्या के प्रयास, सरकारी कर्मचारियों पर हमला, उन्हें बंधक बनाने और सरकारी काम में बाधा डालने जैसी कई संगीन धाराएं लगाई गई हैं। बता दें कि एनआईए ने पहले मामले में 22 आरोपितों के खिलाफ 54 पन्नों की और दूसरे मामले में एक आरोपित के खिलाफ 11 पन्नों की चार्जशीट पेश की है, जिसमें रिंकू आड़ी का नाम भी शामिल है। गौरतलब है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कागजात होने के बावजूद नाम हटाने का आरोप लगाकर उपद्रवियों ने बीडीओ कार्यालय के भीतर महिला जजों सहित कई न्यायाधीशों को घंटों बंधक बनाए रखा था। यही नहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग-12 को जाम कर रेस्क्यू टीम और जजों की गाड़ियों पर भी हमला किया गया था। इस पूरे विवाद में कुल 12 मामले दर्ज हुए थे, जिनमें से एनआईए अब तक छह मामलों में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इस महीने की शुरुआत में भी चार मामलों में मुख्य आरोपित मोफाक्केरुल इस्लाम समेत 31 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

# गिरफ्तारी की आशंका, अतिन घोष ने हाई कोर्ट में लगाई अग्रिम जमानत याचिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** कथित जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तारी की आशंका के बीच कोलकाता के पूर्व डिप्टी मेयर अतिन घोष ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत की याचिका दायर की है। याचिका पर न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष की अदालत ने सुनवाई के लिए मामले को स्वीकार कर लिया है और इसकी सुनवाई अगले सप्ताह होने की संभावना है। इस मामले में जमीन से जुड़े कथित धोखाधड़ी और अवैध लेनदेन के आरोपों की जांच के तहत पुलिस पहले ही अतिन घोष और उनकी बेटी प्रियदर्शिनी घोष को पूछताछ के लिए तलब कर चुकी है। इसके बाद, गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए उन्होंने अदालत का रुख किया। पुलिस द्वारा जांच शुरू किए जाने और संबंधित पक्षों को तलब किए जाने के बाद अतिन घोष ने अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उनके वकील ने अदालत से शीघ्र सुनवाई की मांग करते हुए कहा कि इस मामले में उनके मुवक्किल और उनके परिवार को गलत तरीके से फंसाया जा रहा है। अतिन घोष ने दावा किया है कि वह जांच में पूरा सहयोग करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वह शिकायतकर्ता को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानते और उनकी बेटी ने संबंधित पक्ष से संपत्ति खरीदी थी। उन्होंने यह भी कहा कि अपने लगभग 50 वर्ष के राजनीतिक जीवन में उनके खिलाफ कभी किसी प्रकार के भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध नहीं हुआ है। इसके बावजूद उन्होंने कहा कि वह जांच में हर संभव सहयोग करेंगे।

# भूमि कब्जा मामले में ईडी के समन पर पहुंचीं सोना पप्पू की पत्नी सोमा पोद्दार

**कोलकाता, समाज्ञा :** गत 18 मई को सोना पप्पू उर्फ विश्वजीत पोद्दार जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर में पेश हुए थे, तब उनकी पत्नी सोमा पोद्दार भी उनके साथ थीं। पति की गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को ईडी के समन पर सोमा पोद्दार अकेले कोलकाता स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स पहुंचीं। सूत्रों के मुताबिक, सोना पप्पू और जय कमदार के खिलाफ चल रहे भूमि कब्जा मामले में ही सोमा पोद्दार को पूछताछ के लिए तलब किया गया है। बता दें कि इससे पहले ईडी की छापेमारी के दौरान सोना पप्पू के घर से एक आग्नेयास्त्र बरामद किया गया था। जांच में यह भी सामने आया कि सोमा पोद्दार के नाम पर दर्ज एक कंपनी का कारोबारी जय कमदार की कंपनी के साथ लेनदेन था। ईडी



पहले ही जय कमदार के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है, जबकि सोना पप्पू के खिलाफ अब तक आरोपपत्र दाखिल नहीं हुआ है। ऐसे में उनकी पत्नी सोमा पोद्दार को पूछताछ के लिए बुलाया जाना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### विधानसभा में पीएसी समेत चार अहम हाउस कमेटियों का चुनाव टला

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में पब्लिक अकाउंट्स कमेटी (पीएसी) समेत चार हाउस कमेटियों के चुनाव टाल दिए गए हैं। विधानसभा सूत्रों के मुताबिक, 20 हाउस कमेटियों में से चार सबसे अहम हाउस कमेटियों के गठन के लिए चुनाव, जो 5 जुलाई को होने थे (जब तक कि कमेटियां सर्वसम्मति से नहीं बन जातीं), फिलहाल टाल दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, ये चुनाव 21 जुलाई को (अगर जरूरी हुआ तो) हो सकते हैं। हालांकि, इस दिन, कालीघाट तृणमूल ने पीएसी समेत बाकी तीन कमेटियों के लिए नॉमिनेशन पेपर जमा कर लिए हैं। बता दें कि विधानसभा में कुल 11 स्टैंडिंग कमेटियां और करीब 20 हाउस कमेटियां हैं। इनमें पब्लिक अकाउंट्स कमेटी को सबसे प्रतिष्ठित कमेटी माना जाता है। पीएसी में चेयरमैन समेत ज़्यादा से ज़्यादा 20 सदस्य हो सकते हैं। 20 से ज़्यादा नॉमिनेशन जमा होने पर ही वोटिंग होगी।

### जमीन बिक्री में फर्जीवाड़े के आरोप में मिट्टी माफिया गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के डोमजूर थाना क्षेत्र की पुलिस ने मृत व्यक्ति के नाम पर कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने के आरोप में अंकुरहाटी निवासी एकरामुल नस्कर उर्फ एकरा को सोमवार देर रात गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे उसके घर से हिरासत में लिया। जानकारी के अनुसार, इस मामले में लंबे समय से जांच चल रही थी। जांच के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने के आरोप के अलावा एकरामुल के खिलाफ अवैध मिट्टी कटाई, तालाब भरने और भूमि से जुड़े अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि डोमजूर क्षेत्र में जमीन और मिट्टी से जुड़े कथित सिंडिकेट के संचालन में एकरामुल का प्रभाव था। क्षेत्र के कुछ लोगों के अनुसार वह तृणमूल कांग्रेस के करीबी के रूप में जाना जाता था। हालांकि, इस संबंध में तृणमूल कांग्रेस की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।



राज्य के मंत्री दिलीप घोष सपत्नीक प्रधानमंत्री मोदी से मिले

# अगले 2-3 दिन में बैरकपुर इलाके में बंद पड़ी तीन जूट मिल खुलेंगी, 7,500 मजदूरों को मिलेगा वापस काम

**❑ मंत्री अर्जुन सिंह और श्रम विभाग ने जूट मिलों के मालिकों और मजदूर यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य की नई भाजपा सरकार के श्रम मंत्री अर्जुन सिंह राज्य की बंद पड़ी जूट मिलों का भविष्य संवारने के लिए मैदान में उतर गए हैं। इस बार, उनकी और श्रम विभाग की मिली-जुली पहल से बैरकपुर इलाके की तीन और बंद जूट मिलों की दिक्कतें हल हो गई हैं। बारानगर, जगद्दल जूट इंडस्ट्रीज और एमसीओ जूट मिल अगले 2-3 दिन में खुलने वाली हैं। इससे करीब 7,500 जूट मिल मजदूरों को एक बार में अपनी रोजी-रोटी वापस मिलने वाली है। दरअसल, मंगलवार को कोलकाता के न्यू सेक्रेटेरिएट में



श्रम मंत्री अर्जुन सिंह की मौजूदगी में एक बैठक हुई। वहां तीनों जूट मिलों के मालिकों और मजदूर यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बातचीत हुई। बैठक में स्पेशल लेबर कमिश्नर आशीष सरकार, एडिशनल लेबर कमिश्नर रजत पाल, बैरकपुर डिप्टी लेबर कमिश्नर मनोज साहा और असिस्टेंट लेबर कमिश्नर ऋतिक मुखर्जी मौजूद थे। लंबी बातचीत के बाद यह तय हुआ कि अगले 2 से 3 दिन में तीनों जूट मिलों के दरवाजे खोल दिए जाएंगे। मिल अधिकारी आज फैक्ट्री के गेट पर इस बारे में एक नोटिस जारी करेंगे। पहले चरण में मिलों का मेंटेनेंस का काम शुरू किया जाएगा और फिर धीरे-धीरे पूरा प्रोडक्शन शुरू होगा।

# हावड़ा के वार्ड 36 में जनसेवा केंद्र का शुभारंभ, राज्यमंत्री उमेश राय ने किया उद्घाटन

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा नगर निगम के वार्ड 36 स्थित अरिहंत अपार्टमेंट में सोमवार को जनसेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। राज्यमंत्री उमेश राय ने फीता काटकर केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। जनसेवा केंद्र की स्थापना भाजपा नेता भरत पुलासरिया एवं धनंजय अग्रवाल की पहल पर आम जनता को सरकारी सेवाओं का लाभ सुलभ कराने के उद्देश्य से की गई है। केंद्र के माध्यम से पश्चिम बंगाल सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, आवेदन प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित सहायता नागरिकों को उपलब्ध कराई जाएगी।



उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री उमेश राय ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे जन सेवा केंद्र आम लोगों और सरकारी सेवाओं के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करेंगे तथा नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलेगी।

भाजपा नेता भरत पुलासरिया ने कहा कि जन सेवा केंद्र पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ क्षेत्र की जनता की सेवा करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा आवश्यक प्रक्रियाओं में हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनहित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया।

# राज्य में नौकरशाहों की गाड़ियों में अब विश्व बांग्ला की जगह दिखेगा अशोक चक्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद प्रशासनिक स्तर पर भी बड़े बदलाव जारी हैं। अब राज्य के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की सरकारी गाड़ियों से पूर्व सरकार के दौरान इस्तेमाल होने वाला 'विश्व बांग्ला' का 'बी' लोगो हटाकर उसकी जगह अशोक चक्र अंकित गहरे नीले रंग की नयी आधिकारिक ध्वजा लगाई जायेगी। इस संबंध में राज्य सचिवालय नवान्न ने अधिसूचना जारी की है। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा तैयार की गई 'बी' लोगो वाली ध्वजा अब पूरी तरह से हटाई जा रही है। नयी व्यवस्था के अनुसार, अधिकारियों के पद और वरिष्ठता के आधार पर अलग-अलग आकार की ध्वजाएं निर्धारित की गयी हैं। मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और समकक्ष अधिकारियों की गाड़ियों पर गहरे नीले रंग की आयताकार ध्वजा लगेगी। सुपर टाइम स्केल (न्यायपालिका और प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े अधिकारी) के अधिकारियों के लिए पूंछनुमा (टेल) ध्वजा तय की गयी है। जबकि, आयुक्त तथा जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड एवं चयन ग्रेड के अधिकारियों के लिए त्रिकोणीय गहरे नीले रंग के ध्वजा निर्धारित की गई है। डिविजनल कमिश्नर के लिए आयताकार झंडे तय किये गये हैं, जबकि डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट (डीएम) त्रिकोणीय झंडे इस्तेमाल करेंगे। नवान्न की अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि यह ध्वजा केवल सरकारी कार्यों के दौरान ही इस्तेमाल की जायेगी, ताकि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की बैठकों एवं सरकारी कार्यक्रमों में अधिकारियों की पहचान और पद की गरिमा स्पष्ट हो सके। ध्वजा को वाहन के बोनट के मध्य भाग या आगे की ग्रिल पर निर्धारित स्टैंड में लगाया जायेगा और इसे हमेशा साफ एवं अच्छी स्थिति में रखना अनिवार्य होगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर ध्वजा दिखाकर विशेष छूट या सुविधा नहीं ली जा सकेगी। किस अधिकारी के नाम पर कौन-सी ध्वजा जारी हुई है और वह किस वाहन में उपयोग हो रही है, इसका पूरा रिकॉर्ड सचिवालय के पास रहेगा। यह जानकारी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, कोलकाता नगर निगम और कोलकाता पुलिस के साथ भी साझा की जायेगी। नयी डिजाइन के झंडे विभागों को उपलब्ध करा दी गई हैं और उन्हें सरकारी वाहनों पर लगाने का काम भी शुरू हो गया है।

### अमेज़न का 'ब्यूटीवर्स 2026' आयोजित होगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेज़न इंडिया ने 'ब्यूटीवर्स 2026' की घोषणा की है। यह कार्यक्रम मुंबई में आयोजित होगा, जिसमें अनन्या पांडे, शिल्पा शेट्टी, सोनाक्षी सिन्हा, करिश्मा कपूर, जैकलिन फर्नांडीस, मीरा कपूर, उर्फी जावेद सहित कई फिल्मी हस्तियां और डिजिटल क्रिएटर्स भाग लेंगे। पहली बार इस कार्यक्रम को अमेज़न के ऑनलाइन मंच पर भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे देशभर के ग्राहक नए ब्यूटी उत्पादों, प्रमुख ब्रांडों और विशेष ऑफर्स की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कंपनी के अनुसार, इस बार 70 से अधिक ब्यूटी ब्रांड, 600 से ज्यादा कंटेंट क्रिएटर्स और दो हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।

## बलिया में करंट लगने से मां-बेटी की मौत

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र में करंट लगने से एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के डूहा बिहरा गांव में राकेश सिंह की पत्नी बीना सिंह (45) सोमवार की शाम घर के पास लगे हैंडपंप से पानी भर रही थीं, इसी दौरान हैंडपंप में करंट उतर आया और बीना सिंह उसकी चपेट में आ गईं और झुलस गई। पुलिस ने बताया कि मां को करंट से तड़पता देख उनकी पुत्री काजल (20) उन्हें बचाने के लिए दौड़ी और वह भी करंट की चपेट में आ गई। उसने बताया कि यह देखकर छोटी बेटी सुमन ने शोर मचाया जिससे आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह दोनों को करंट से अलग कर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## इस्लाम अपनाने वाले आयुष मलिक की हिंदू धर्म में वापसी, बोले- माता-पिता की परेशानी देखकर लिया फैसला

**मुजफ्फरनगर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में इस वर्ष की शुरुआत में इस्लाम धर्म अपनाने वाले आयुष मलिक ने फिर हिंदू धर्म में वापसी की। आयुष का कहना है कि उन्होंने अपने माता-पिता की परेशानी को देखते हुए यह फैसला किया। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में आयुष अपने घर पर हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में आयुष को यह कहते सुना जा सकता है कि उन्होंने इस्लाम धर्म अपनाया था, लेकिन अब हिंदू धर्म में वापस लौटने का निर्णय लिया है। योग साधना आश्रम के स्वामी यशवीर महाराज ने आयुष की हिंदू धर्म में वापसी की पुष्टि की। उन्होंने मंगलवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''आयुष मलिक हिंदू धर्म में लौट आए हैं और उन्होंने घर पर फिर से पूजा-पाठ शुरू कर दिया है। उन्होंने घर से मुस्लिम धर्म से जुड़ी सभी चीजें भी हटा दी हैं।' स्वामी यशवीर ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर अभियान चलाया गया था और आयुष की घर वापसी के साथ वह सफल रहा।

## झारखंड के रामगढ़ में भूमि विवाद को लेकर सरकारी अधिकारी की पीट-पीटकर हत्या

**रामगढ़:** झारखंड के रामगढ़ जिले में मंगलवार को भूमि विवाद को लेकर 53 वर्षीय एक सरकारी अधिकारी की उनके रिश्तेदारों ने कथित तौर पर लाठी-डंडों और पत्थरों से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बालेश्वर पटेल के रूप में हुई है, जो गिरिडीह जिले में उप पंजीयक के पद पर तैनात थे। उन्होंने बताया कि यह घटना मांडू थाना क्षेत्र के बलसागरा गांव में हुई। पुलिस ने इस मामले में छह लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। रामगढ़ के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आलोक रंजन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, पटेल का कुछ लोगों के साथ भूमि विवाद चल रहा था। मंगलवार को वह विवादित भूखंड पर पहुंचे, जहां निर्माण सामग्री जमा की गई थी। इसके बाद वहां बहस शुरू हो गई, जिसके बाद उन पर लाठी-डंडों और पत्थरों से कथित तौर पर हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

## बिहार: 25 से अधिक संगीन मामलों में वांछित कुख्यात अपराधी पटना रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार

**पटना:** बिहार पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने 25 से अधिक संगीन आपराधिक मामलों में वांछित एक कुख्यात अपराधी को मंगलवार को पटना रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार अपराधी की पहचान संजय सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह 'पांडव सेना' नामक गिरोह का सरगना है और उसके खिलाफ हत्या, रंगदारी, नरसंहार, रंगदारी के लिए हत्या, अवैध खनन तथा भूमि कब्जाने सहित 25 से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं। एसटीएफ की ओर से जारी बयान के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर सिंह की गिरफ्तारी के लिए एक टीम पटना रेलवे स्टेशन पहुंची। पुलिस को देखकर उसने भागने की कोशिश की, लेकिन एसटीएफ के जवानों ने उसे तत्काल दबोच लिया। एसटीएफ के अनुसार, संजय सिंह पिछले वर्ष बिहटा में एक एके-47 रायफल बरामदगी मामले में भी पटना पुलिस के लिए वांछित था। उसकी तलाश पड़ोसी राज्यों की पुलिस भी कर रही थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके संबंध में अन्य जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

# राम भक्तों पर गोली चलाने वाले आज आस्था की वकालत कर रहे : योगी आदित्यनाथ



**रामपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि राम भक्तों पर 'गोली और लाठी' चलाने वाले तथा भगवान राम के अस्तित्व को नकारने वाले ही आज आस्था की वकालत करते नजर आ रहे हैं। आदित्यनाथ ने रामपुर में 690 करोड़ रुपये की लागत वाली 102 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज अयोध्या त्रेता युग की याद दिला रही है। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, 'आज राम की भक्ति की वकालत कौन कर रहा है? भगवान राम की भक्ति की दुहाई कौन दे रहा है? 2017 से पहले 'जय श्रीराम' बोलने पर लाठियां बरसाई जाती थीं। जब उत्तर प्रदेश में राम भक्त कहते थे कि 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे', तब उन्हीं राम भक्तों पर गोलियां चलाई जाती थीं। आज वही लोग आस्था की वकालत करते दिखाई दे रहे हैं।' मुख्यमंत्री ने इसका श्रेय जनता को देते हुए कहा, ''यह आपकी ताकत है कि उन्हें आपके पीछे-पीछे आने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यह आपके वोट की ताकत है। अब उन्हें अपने पाप और अपने कर्मों पर पश्चाताप होता होगा। अब उन्हें एहसास हो रहा होगा कि समाजवादी पार्टी गलत थी।'' उन्होंने कहा, 'जो कांग्रेस 2017 से पहले भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के अस्तित्व को नकार चुकी थी, आज वही कह रही है कि राम तो सबके हैं। अब सभी अयोध्या जाने के लिए व्याकुल हैं, लेकिन प्रभु श्रीराम जगत के नियंता हैं। वे भी जानते हैं कि सही कौन है और गलत कौन।' आदित्यनाथ ने ऐसे लोगों की तुलना 'कालनेमी' के छल-कपट से करते हुए कहा कि जनता इनके झूठ व दोहरे चरित्र को अच्छी तरह समझ चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस व सपा का शासनकाल अन्याय व अराजकता का प्रतीक रहा है। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा, '2017 से पहले का रामपुर और उसके बाद का रामपुर आपके सामने है। एक समय यहां गरीबों की जमीनों पर कब्जे होते थे। वाल्मीकि समाज को उनकी जमीनों से वंचित कर दिया जाता था।' उन्होंने कहा, ''जब सत्ता निरंकुश हो जाती है, तो वह अन्याय का पर्याय बन जाती है। समाजवादी पार्टी की सरकार में यहां दलितों और गरीबों की आवाज को उसी अन्यायी सत्ता ने दबाने का काम किया था।'' योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा, 'रामपुर से निकला संदेश पूरे प्रदेश में गया। सपा की निरंकुश सत्ता को बदलने का परिणाम है कि आज रामपुर की नयी पहचान बनी है और वह विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।' उन्होंने कहा, ''जो विकास योजनाएं पहले असंभव लगती थीं, वे आज डबल इंजन सरकार के कारण संभव हुई हैं। उत्तर प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया और यही विश्वास विकास की सबसे बड़ी आधारशिला बना।'

## राजस्थान : डकैत जगन गुर्जर के परिजनों ने दिया धरना, हत्या की सीबीआई जांच की मांग

**जयपुर:** राजस्थान में कुख्यात डकैत जगन गुर्जर के परिजनों ने बुधवार को अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के मुर्दाघर के बाहर धरना दिया। परिजनों ने शव लेने से इनकार करते हुए अजमेर की उच्च सुरक्षा वाली जेल में हुई हत्या की सीबीआई जांच की मांग की। गुर्जर के परिजनों ने आरोप लगाया कि इस घटना में जेल प्रशासन की मिलीभगत है और सुरक्षा में हुई कथित चूक के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। जगन गुर्जर के बेटे आसाराम ने संवाददाताओं से कहा कि परिवार ने अपनी मांगें प्रशासन के समक्ष रख दी हैं और जब तक ठोस आश्वासन नहीं मिलता, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया, हम सीबीआई जांच चाहते हैं। यह एक साजिश लगती है। हमें पता चला है कि जेल के सीसीटीवी कैमरे बंद थे। सुबह मेरे पिता और आरोपी के बीच विवाद हुआ था, फिर दोनों को एक ही बैरक में क्यों रखा गया? आसाराम ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अजमेर की उच्च सुरक्षा वाली जेल में बंद जगन गुर्जर के भाई को धौलपुर जेल स्थानांतरित करने की भी मांग की।

## न्यूज अपडेट

### भरत तिवारी मुठभेड़ मामले में भड़काऊ पोस्ट पर उत्तर प्रदेश के व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होगी



**आरा:** बिहार के भोजपुर जिले में चर्चित भरत तिवारी मुठभेड़ मामले को लेकर सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने के आरोप में उत्तर प्रदेश के रायबरेली निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भोजपुर पुलिस की ओर से जारी बयान के अनुसार, रायबरेली निवासी दीपक दीक्षित उर्फ पंडित द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट का संज्ञान लिया गया है। आरोप है कि उसने भोजपुर में हुई भरत तिवारी मुठभेड़ के संबंध में पुलिस अधिकारियों की हत्या की खुलेआम धमकी दी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के बयान हिंसक और भड़काऊ हैं। उसका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है तथा मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में उसके खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज हैं। भोजपुर पुलिस ने दावा किया कि दीपक दीक्षित के खिलाफ मध्यप्रदेश में दुष्कर्म, छेड़खानी और ब्लैकमेल सहित कई मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर पुलिस अधिकारियों की हत्या की धमकी देने और भोजपुर के पुलिस अधीक्षक को चुनौती देने वाले पोस्ट के आधार पर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### कोचिंग गोलीबारी मामला: 'खान सर' की गिरफ्तारी पर तीन जुलाई तक रोक बरकरार

**पटना:** बिहार की एक अदालत ने 'खान सर' के नाम से लोकप्रिय शिक्षक फैसल खान को कोचिंग संस्थान गोलीबारी मामले में गिरफ्तारी से मिली अंतरिम राहत को मंगलवार को तीन जुलाई तक के लिए बढ़ा दिया। यह मामला जून की शुरुआत में हुई उस घटना से जुड़ा है, जिसमें 'खान सर' के कोचिंग संस्थान में कथित तौर पर तोड़फोड़ की गई थी। आरोप है कि इस दौरान उनके सुरक्षा गार्डों ने गोली चलाई थी। अदालत तीन जुलाई को न्यायिक हिरासत में रखे गए खान सर के दोनों सुरक्षा गार्डों की जमानत याचिकाओं पर भी सुनवाई करेगी। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में 'खान सर' को भी नामजद किया गया है। उन्होंने गिरफ्तारी से राहत के लिए अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी, जिस पर अदालत ने तीन जुलाई तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया है। खान सर के प्रतिद्वंद्वी रोशन आनंद के अधिवक्ता सत्यम झा ने सुनवाई के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने 'खान सर' के दोनों गार्डों के शस्त्र लाइसेंस का ब्योरा मांगा। अदालत ने जांच एजेंसियों से विशेष रूप से एक सुरक्षा गार्ड को उत्तर प्रदेश से जारी शस्त्र लाइसेंस का विवरण प्रस्तुत करने को कहा है। अब मामले की अगली सुनवाई तीन जुलाई को होगी।'

### झारखंड: आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं सहित सात लोगों की मौत

**रांची:** झारखंड में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में दो महिलाओं और आठ वर्षीय एक बच्ची समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये मौतें रांची, बोकारो, देवघर, दुमका, हजारीबाग, लातेहार और पलामू जिलों में हुईं। रांची जिले में अंगड़ा थाना क्षेत्र में 26 वर्षीय एक किसान खेत की जुताई कर रहा था, तभी उस पर आकाशीय बिजली गिर गई। अंगड़ा थाना प्रभारी गौतम कुमार राजवार ने बताया, मृतक की पहचान भागीरथ महतो (26) के रूप में हुई है। महतो को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बोकारो में टाउन थाना क्षेत्र में बोकारो हवाई अड्डा क्षेत्र के पास एक पेड़ के नीचे शरण लिए हुए 19 वर्षीय युवक आलोक कुमार तुरी की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। बोकारो के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) राजीव रंजन ने यह जानकारी दी। पलामू में मवेशी चरा रहे एक व्यक्ति की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के कुंदेलवा गांव निवासी राजू यादव (27) के रूप में हुई है। हजारीबाग जिले के इचाक थाना क्षेत्र के खुटरा गांव में 36 वर्षीय एक महिला मजदूर की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। इचाक थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया, मृतका की पहचान शोभा देवी के रूप में हुई है। वह अपने घर के पास जामुन तोड़ रहे अपने चार बच्चों को वापस बुलाने के लिए घर से बाहर निकली थीं कि तभी उन पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## संभल में सरकारी जमीन घोटाला मामले में 31 नामजद व अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में करीब 100 करोड़ रुपये मूल्य की ग्राम सभा की जमीन से जुड़े कथित घोटाले के मामले में पूर्व अधिकारियों समेत 31 नामजद लोगों और कुछ अज्ञातों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह मामला संभल-मुरादाबाद रोड स्थित तख्तगुशाईन गांव की ग्राम सभा की करीब 2.367 हेक्टेयर भूमि के कथित फर्जी आवंटन, नामांतरण और अवैध कब्जे से जुड़ा है जिसकी बाजार में वर्तमान कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देश के बाद राजस्व अधिकारी स्पर्श गुप्ता की शिकायत के आधार पर संभल कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज की गई। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर 1967 के फर्जी पट्टा दस्तावेजों के आधार पर 2008 में जमीन का नामांतरण कराया और उस पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई प्रशासनिक जांच के बाद की गई, जिसमें मामले में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई थीं। प्राथमिकी में नामजद लोगों में चकबंदी के पूर्व उपनिदेशक खेम सिंह खड़क, संभल नगर परिषद के पूर्व अधिशासी अधिकारी राजकुमार गुप्ता, पूर्व नगर मानचित्रकार शहाबुद्दीन, न्यायालय के प्रतिनिधि माजिद खान, कथित पट्टाधारक सईदुल रहमान खान और उनके कानूनी वारिस शामिल हैं। अन्य नामजद आरोपियों में इबादुर्रहमान खान, एहसानुर्रहमान खान, शाहजहां बेगम, इफ्तआरा, तारिक अली, फरीक अली, शाकिर अली, शारिक अली, साजिद अली, शारिक शबूर, मोहम्मद मुजाहिद, रफीक, शाहजहां, अख्तरी, मोहम्मद उमर, मुनाजिर, मोहम्मद अजीम, धर्मेंद्र, मधु खुराना, विजय गुप्ता, रूपाली गुप्ता, फुरकान, इमरान, आजम खान, प्रदीप कुमार अग्रवाल, मकसूद आलम वारसी और हरजीत सिंह शामिल हैं।

# राम मंदिर चढ़ावा गबन मामले में चंपत राय का बयान दर्ज, जांच जारी

### राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक छह जुलाई को होने की संभावना, भविष्य की रणनीति पर होगा विचार

**अयोध्या:** राम मंदिर के चढ़ावे में कथित गबन के मामले और उसके बाद ट्रस्ट के दो वरिष्ठ सदस्यों के इस्तीफे की पृष्ठभूमि में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की भविष्य की रणनीति तय करने के लिए छह जुलाई को अयोध्या में बैठक होने की संभावना है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अध्यक्ष आलोक कुमार ने पहले 'पीटीआई-भाषा' को बताया था कि बैठक सात जुलाई को होगी। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि अब यह बैठक एक दिन पहले, यानी छह जुलाई को आयोजित किए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार राम मंदिर के चढ़ावे में कथित गबन के मामले के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। ट्रस्ट की बैठक में इन इस्तीफों पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों का यह भी कहना है कि दोनों के इस्तीफे स्वीकार किए जाने की संभावना अधिक है।



**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन के मामले की जांच के सिलसिले में पुलिस ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का बयान दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम उस समय हुआ है, जब कुछ दिन पहले चंपत राय ने इस विवाद की 'नैतिक जिम्मेदारी' लेते हुए पद छोड़ने की पेशकश की थी। पुलिस के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से पुष्टि की कि चंपत राय का बयान दर्ज किया गया है, लेकिन उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि उनसे कब, कहां और कितनी देर तक पूछताछ की गई। अधिकारी ने कहा, 'हां, उनका बयान दर्ज किया गया है।' पुलिस अधिकारी ने हालांकि इससे अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। सूत्रों के अनुसार, मामले की जांच का नेतृत्व कर रहे अयोध्या के क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशुतोष तिवारी ने कारसेवकपुरम स्थित चंपत राय के 'भारत कुटी' आवास पर जाकर उनका बयान दर्ज किया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने चंपत राय से चढ़ावे के कथित गबन से संबंधित जानकारी और दस्तावेज मांगे। ऐसा माना जाता है कि राजनीतिक विवाद बनने से पहले ही उन्हें इस कथित गड़बड़ी की जानकारी हो गई थी।

# बिहार में 'अभियान बसेरा-02' के तहत 30 हजार भूमिहीन परिवारों को वासभूमि के प्रमाण-पत्र दिए



**पटना:** बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र भूमिहीन परिवार वासभूमि के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से 'अभियान बसेरा-02' के तहत आगामी 15 अगस्त को राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाकर 30 हजार पात्र भूमिहीन परिवारों को वासभूमि के बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। विभाग की ओर से जारी बयान के अनुसार, डॉ. जायसवाल ने कहा कि सरकार गरीब एवं भूमिहीन परिवारों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि 'अभियान बसेरा-02' के तहत अब तक राज्य के 71,569 पात्र परिवारों को वासभूमि उपलब्ध कराने के लिए बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र दिए जा चुके हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष अभियान के माध्यम से हजारों नए लाभार्थियों को भी इस योजना से जोड़ा जाएगा। मंत्री ने कहा कि इस संबंध में विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। जिलों को लाभार्थियों की सूची का पुनरीक्षण कर उसे अंतिम रूप देने, नए पात्र परिवारों का 'अभियान बसेरा' पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा 31 जुलाई तक सभी बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र तैयार कर उन पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रमाण-पत्र वितरण की पूरी प्रक्रिया 'अभियान बसेरा' पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संपन्न होगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। मंत्री ने बताया कि 15 अगस्त को जिला मुख्यालयों पर आयोजित मुख्य समारोहों अथवा विशेष शिविरों में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। डॉ. जायसवाल ने कहा कि अभियान की प्रगति की समीक्षा मुख्यालय स्तर पर प्रत्येक सप्ताह की जाएगी। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को स्वयं अभियान की नियमित समीक्षा करने, निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी करने तथा साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# राजस्थान के बाघ अभयारण्य के नीचे बनी देश की पहली आठ-लेन की सुरंग अगस्त में खुलेगी

**कोटा:** बुनियादी ढांचा विकास और वन्यजीव संरक्षण के बीच संतुलन बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर राजस्थान के कोटा जिले में एक बाघ अभयारण्य के नीचे बनी भारत की पहली आठ-लेन वाली राजमार्ग सुरंग इस साल अगस्त में सभी श्रेणियों के वाहनों के लिए आधिकारिक तौर पर खुलने जा रही है। वर्तमान में इस सुरंग में हल्के वाहनों के साथ सुरक्षा परीक्षण किये जा रहे हैं। सुरक्षा निरीक्षणों के पूरा होने के बाद दिल्ली-वडोदरा खंड पर राजस्थान के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व (एमएचटीआर) के नीचे स्थित 4.9 किलोमीटर लंबी इस 'ट्विन-ट्यूब' (दोहरी) सुरंग को शुरुआत में कारों और आपातकालीन वाहनों के लिए खोला गया है। अधिकारियों द्वारा सुरंग के भीतर सुरक्षा प्रणालियों और मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी से जुड़े अतिरिक्त आकलन पूरे किए जाने के बाद ही भारी वाहनों और अन्य सभी यातायात को इसमें से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), कोटा के परियोजना निदेशक संदीप अग्रवाल ने 'पीटीआई-भाषा' से फोन पर बातचीत में कहा, एमएचटीआर के नीचे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बनी इस आठ-लेन राजमार्ग सुरंग को अब सभी श्रेणियों के वाहनों के लिए आधिकारिक तौर पर नहीं खोला गया है। फिलहाल, कार जैसे हल्के वाहनों के साथ केवल परीक्षण किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुरंग का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जबकि सुरंग के भीतर अन्य काम नियमित परीक्षण के साथ-साथ किए जा रहे हैं। अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय मंत्रालय के निर्देशों के बाद आगामी अगस्त में इस सुरंग को सभी श्रेणियों के वाहनों के लिए आधिकारिक तौर पर खोले जाने की संभावना है। एनएचएआई के अधिकारियों के अनुसार, वन्यजीवों की आवाजाही में बाधा न डालने और वन पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित रखने के लिए इस सुरंग का निर्माण पूरी तरह से बाघ अभयारण्य के नीचे किया गया है। इसका डिजाइन इस तरह तैयार किया गया है कि जानवर राजमार्ग के यातायात से प्रभावित हुए बिना सुरंग के ऊपर स्वतंत्र रूप से घूम सकें, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ परिवहन बुनियादी ढांचे के एकीकरण का एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस सुरंग में दोहरी ट्यूब हैं, जिनमें से प्रत्येक में चार लेन का मार्ग है। इसके साथ ही यह किसी वन्यजीव अभयारण्य के नीचे से गुजरने वाली देश की पहली आठ लेन की सुरंग बन गई है।

# यमुना जल समझौते के बाद जयपुर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भव्य स्वागत



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मंगलवार को जयपुर हवाई अड्डे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। एक दिन पहले ही राजस्थान और हरियाणा के बीच यमुना जल समझौते के क्रियान्वयन के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिससे राज्य के जल संकटग्रस्त शेखावाटी क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री मंगलवार को नयी दिल्ली से लौटे, जहां वर्ष 1994 के अपर यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) समझौते के क्रियान्वयन के लिए राजस्थान और हरियाणा के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। हवाई अड्डे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, विशेष रूप से शेखावाटी क्षेत्र से आए लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। टर्मिनल भवन से बाहर आने के बाद मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे के बाहर बनाए गए विशेष मंच से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने उनका माल्यार्पण किया और उनके समर्थन में नारे लगाए। इसके बाद मुख्यमंत्री ई-बस से भाजपा प्रदेश मुख्यालय के लिए रवाना हुए। रास्ते में गांधी सर्किल और रामबाग सर्किल पर भी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान के लिए यमुना का पानी लेकर आए हैं और इस पर केवल शेखावाटी ही नहीं, बल्कि पूरा राजस्थान गर्व महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से पूरे राज्य को लाभ होगा। यमुना नदी का पानी उपलब्ध होने से वर्तमान पेयजल स्रोतों पर दबाव कम होगा और एक क्षेत्र को मिलने वाला पानी अन्य क्षेत्रों तक भी पहुंचाया जा सकेगा।

# मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर डबल-डेकर बस के ट्रक से टकराने से चार लोगों की मौत, 27 अन्य घायल



**मथुरा (उप्र):** मथुरा जिले के राया थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के एक डबल-डेकर बस के कंटेनर ट्रक से टकरा जाने से बस चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 यात्री घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि हादसा तड़के करीब चार बजे राया थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के 111वें और 112वें किलोमीटर के बीच हुआ जब लखनऊ से आ रही बस आगे चल रहे कंटेनर से जा टकराई। एसएसपी ने कहा, ''प्रारंभिक जांच और घायल यात्रियों के बयानों से पता चला कि दुर्घटना के समय बस अधिकृत चालक नहीं चला रहा था। उसके बजाय परिचालक (कंडक्टर) स्टीयरिंग संभाले हुए था और तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था।'' उन्होंने बताया कि कंटेनर अपनी निर्धारित लेन में चल रहा था तभी तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पीछे से उससे टकरा गई। एसएसपी ने कहा कि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि हादसे में बस चालक उपदेश यादव (35), परिचालक, खलासी और एक यात्री की मौत हो गई। मृतकों में तीन की पहचान अभी नहीं हो सकी है। बस में सवार 34 अन्य यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें दूसरी बसों से उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया है। हादसे के समय अधिकांश यात्री सो रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कई यात्री सीटों के बीच फंस गए। उन्हें निकालने के लिए बचाव दल को गैस कटर से बस काटनी पड़ी। बचाव अभियान करीब दो घंटे तक चला। स्वास्थ्य विभाग के त्वरित प्रतिक्रिया दल के प्रभारी डॉ. भूदेव प्रसाद ने बताया कि कुल 27 घायलों को जिला अस्पताल लाया गया था। इनमें से कुछ को बेहतर इलाज के लिए आगरा रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि दो-तीन घायलों की हालत गंभीर है। उनकी जांघ की हड्डी में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि बाकी सभी घायलों की स्थिति सामान्य है। घटना के बाद जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। एसएसपी ने बताया कि पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी घायलों के उपचार की निगरानी कर रहे हैं। साथ ही उनकी आगे की यात्रा की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी यात्रियों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा, ''सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। दो यात्रियों को फ्रैक्चर हुआ है और उन्हें हरसंभव बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।''

## कठुआ में पकड़ा गया आतंकवादियों का मददगार

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से आतंकवादियों की घुसपैठ कराने में मदद करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान हाजी मोहम्मद लतीफ के रूप में हुई है। वह कठुआ जिले का निवासी है। अधिकारियों के अनुसार, विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने कार्रवाई करते हुए आतंकवादियों के मददगार को गिरफ्तार किया। आरोपी पाकिस्तान स्थित आतंकवादी नेटवर्क से जुड़ा है और पिछले कई वर्षों में एक दर्जन से अधिक आतंकवादियों की भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने में उसकी कथित रूप से महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी कई वर्षों से पाकिस्तानी संचालकों के संपर्क में था और घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को साजो-सामान और रसद संबंधी मदद मुहैया कराता था। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने की संभावना

**नयी दिल्ली:** संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो सकता है और इसके तीन सप्ताह तक चलने की संभावना है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि, संसदीय कार्य संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीपीए) ने अभी इसपर अंतिम निर्णय नहीं लिया है। आमतौर पर मानसून और शीतकालीन सत्रों में 20 बैठकें होती हैं और ये चार सप्ताह तक चलते हैं, लेकिन अतीत में इससे कम अवधि के सत्र आयोजित किए जाने के भी उदाहरण रहे हैं। यह मानसून सत्र पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगियों की जीत के बाद होने जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना (उबाठा) में बगावत का असर भी आगामी सत्र में देखने को मिल सकता है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा अलग समूह के रूप में मान्यता देने की मांग करने वाले तृणमूल के 20 और शिवसेना (उबाठा) के छह सांसदों की मांग पर निर्णय का इंतजार है। राज्यसभा में नवनिर्वाचित और पुनर्निर्वाचित सदस्यों के शपथ लेने के बाद सत्तापक्ष का संख्या बल और मजबूत हो गया है।

## अमरनाथ यात्रा: सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई, करीब 55,000 तीर्थयात्रियों के ठहरने की व्यवस्था

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि सालाना अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा बढ़ाने और लगभग 55,000 तीर्थयात्रियों के ठहरने की व्यवस्था समेत कई बड़े इंतजाम किए गए हैं। भक्तों का पहला जत्था दो जुलाई को यहां भगवती नगर स्थित आधार शिविर से रवाना होगा। अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा (श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अध्यक्ष) सुबह चार बजे पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाएंगे। अमरनाथ गुफा मंदिर 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह 57 दिन की अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई को शुरू होगी। यह यात्रा अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटे लेकिन अधिक चढ़ाई वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से एक साथ शुरू होगी। जम्मू संभाग के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने यहां पत्रकारों से कहा, ''अभी तक जम्मू संभाग में लगभग 55,000 तीर्थयात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। जम्मू संभाग में आने वाले सभी तीर्थयात्रियों के लिए ठहरने, भोजन और साफ-सफाई की व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि किसी भी तीर्थयात्री को कोई परेशानी न हो।'

## कर्नाटक में एसआईआर के तहत घर-घर जाकर गणना प्रपत्र बांटने का अभियान शुरू

**बेंगलुरु:** कर्नाटक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत घर-घर जाकर गणना का अभियान मंगलवार से शुरू हो गया। इस कवायद के तहत 29 जुलाई तक 5.54 करोड़ से ज़्यादा मतदाता इसके दायरे में आएंगे। राज्य सरकार ने घोषणा की है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जरूरतमंद लोगों को स्थायी निवास प्रमाण-पत्र (पीआरसी) जारी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने बेंगलुरु साउथ के उपायुक्त और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में अपनी पत्नी उषा शिवकुमार के साथ अपना प्रपत्र भरा जिसके साथ इस कवायद की शुरुआत हुई।

# भारत ने 26 देशों के साथ गतिशीलता संबंधी समझौते किए हैं : जयशंकर




**नयी दिल्ली:** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को बताया कि भारत ने 26 देशों के साथ 28 प्रवासन एवं गतिशीलता साझेदारी समझौतों (एमएमपीए) या उनके समकक्ष समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि कई अन्य देशों के साथ भी ऐसे समझौतों को लेकर बातचीत जारी है। विदेश मंत्रालय द्वारा यहां आयोजित मानव संसाधन गतिशीलता मंच को संबोधित करते हुए जयशंकर ने अवैध प्रवासन और मानव तस्करी से निपटने के लिए देशों की सामूहिक जिम्मेदारी पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वसनीय और सुरक्षित आवागमन के मार्ग मजबूत अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली अंतरराष्ट्रीय सहयोग में गतिशीलता को एक बहुत अहम स्तंभ मानती है और ये साझेदारियां आपसी फायदे, साझा जिम्मेदारी और लंबे समय तक चलने वाली स्थिरता पर आधारित हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि जब ऐसी साझेदारियों का सही ढंग से प्रबंधन किया जाता है तो इनसे स्रोत देशों, गंतव्य देशों, नियोक्ताओं, कामगारों और समुदायों के लिए मूल्य का सृजन होता है। उन्होंने कहा, हम सुरक्षित, व्यवस्थित और कानूनी प्रवास सुनिश्चित करने के लिए द्विपक्षीय सहयोग की जरूरत को भी समझते हैं। अब तक भारत ने 26 देशों के साथ 28 'प्रवास और गतिशीलता साझेदारी समझौते' (एमएमपीए) या उनके समान समझौते किए हैं और कई अन्य समझौतों पर अभी बातचीत चल रही है। जयशंकर ने कहा कि अवैध प्रवास, शोषणकारी तौर-तरीकों, धोखाधड़ी करने वाले बिचौलियों और मानव तस्करी से निपटने के लिए देशों की सामूहिक जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। विदेश मंत्री ने कहा, ये चुनौतियां कानूनी तौर पर आवाजाही के सिस्टम की विश्वसनीयता को कम करती हैं और कमज़ोर लोगों को जोखिम में डाल सकती हैं। इस मंच के लिए कई नीति-निर्माता, क्षेत्र के दिग्गज, नियोक्ता और पेशेवर इकट्ठा हुए हैं। इस मंच का मकसद विचारों का आदान-प्रदान करने, अनुभवों से सीखने और गतिशीलता के लिए नए तरीकों को खोजने के अवसर देना है। जयशंकर ने कहा कि दुनिया एक बड़े बदलाव से गुजर रही है और इसी के तहत, अलग-अलग महाद्वीपों में आबादी के पैटर्न तेजी से बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि तकनीकी नवोन्मेष उद्योगों को अभूतपूर्व गति से बदल रहा है। कृत्रिम बुद्धिमता, ऑटोमेशन, डिजिटलीकरण और हरित बदलाव भी उन कौशलों को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं जिनकी भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए ज़रूरत होगी।

### जयशंकर ने आयरलैंड की विदेश मंत्री से की बातचीत, द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने के तरीकों पर हुई चर्चा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को अपनी आयरिश समकक्ष हेलेन मैकएंटी से बातचीत की और यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता संभालने पर आयरलैंड को शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कि बातचीत के दौरान भारत और आयरलैंड के बीच व्यापार और शिक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा हुई। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, आयरलैंड की विदेश मंत्री हेलेन मैकएंटी से बात करके खुशी हुई। यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता संभालने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। व्यापार और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। बहुपक्षीय मंचों पर भी हमारी साझेदारी को आगे बढ़ाया जाएगा। यूरोपीय संघ परिषद यूरोपीय संघ की प्रमुख निर्णायक संस्थाओं में से एक है। यूरोपीय आयोग की वेबसाइट के अनुसार, आयरलैंड एक जुलाई से 31 दिसंबर 2026 तक यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता संभालेगा।

# प्रधानमंत्री ने सरकारी सचिवों से बातचीत की; विभिन्न सुधारों पर हुई चर्चा



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को सरकारी सचिवों से बातचीत की और व्यापार को आसान बनाने एवं जीवन-यापन में सुगमता के लिए नियमों में ढील देने तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि बातचीत के दौरान, सचिवों ने दो मुख्य विषयों के अनुरूप अपने-अपने मंत्रालयों और विभागों द्वारा उठाए जा रहे अहम कदमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चर्चा दो मुख्य विषयों पर केंद्रित थी -- पहला, 'कारोबार को आसान बनाने के लिए नियमों में ढील देना और अन्य सुधार' तथा दूसरा, 'आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना'। सचिवों ने प्रधानमंत्री की दृष्टि को ठोस नतीजों में तब्दील करने के लिए की जा रही कोशिशों को रेखांकित किया। उन्होंने क्षेत्र-विशिष्ट चुनौतियों पर चर्चा की और शासन व सेवा प्रदान करने को बेहतर बनाने के लिए भविष्य की रणनीतियों की रूपरेखा भी साझा की। मोदी ने विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच सहयोग व समन्वय का दृष्टिकोण अपनाने तथा विभागीय रूढ़ियों को तोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने समेकित नियोजन और समन्वय के महत्व पर जोर देते हुए, विभागों के बीच तालमेल और सही जानकारी के आधार पर फैसले लेने के लिए 'पीएम गतिशक्ति' को एक असरदार प्लेटफॉर्म के तौर पर अधिक इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सचिवों से कहा कि वे योजनाओं का लोगों के जीवन पर पड़ने वाले ठोस प्रभाव पर ध्यान दें। सूत्रों के मुताबिक, सचिवों ने अपने-अपने मंत्रालयों के कामकाज और अलग-अलग सुधारों व लोगों के हित में उठाए गए अन्य कदमों में हुई प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए प्रस्तुतियां दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जब देश अपनी आजादी के 100 साल पूरे करेगा। केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक के लगभग एक महीने बाद सचिवों की यह बैठक हुई। मंत्रिपरिषद की बैठक में मोदी ने कहा था कि सरकार को जीवन-यापन को सुगम करने, कारोबार को आसान बनाने और युवाओं के लिए अवसर बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए।

# जनजातीय युवाओं को बदलाव के लिए मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए : राष्ट्रपति मुर्मू

**विशाखापत्तनम:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि देश के जनजातीय युवाओं को सरकारी प्रयासों की मदद से सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक स्थितियों में बदलाव लाने और विकास करने के लिए मानसिक रूप से तैयार होना चाहिए। राष्ट्रपति ने यहां आंध्र प्रदेश केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्नातक की उपाधिक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को देश की प्रगति में योगदान देना होगा, जहां विकास समान हो और कोई भी पीछे न छूटे। उन्होंने कहा, 'आज सरकार आदिवासी और जनजाति समुदायों से जुड़े लोगों को आगे लाने की कोशिश कर रही है। लेकिन हमारी क्या जिम्मेदारी है? सरकार से इतनी मदद मिलने के क्या परिणाम होंगे ? इसीलिए, आज से ही हमें मानसिक रूप से तैयार होना होगा। केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए; समाज, शिक्षा, संस्कृति, परंपरा और अर्थव्यवस्था को बदलने और समाज को आगे ले जाने के लिए।'' राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, ''हमें सरकार की कोशिशों को हकीकत में बदलना होगा।'' केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और आंध्र प्रदेश के मानव संसाधान विकास मंत्री नारा लोकेश ने भी इस कार्यक्रम को संबोधित किया।

## भरत तिवारी मुठभेड़ मामला : न्यायालय ने सीबीआई जांच के अनुरोध वाली याचिका खारिज की



**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में पुलिस मुठभेड़ में कार्यकर्ता भरत भूषण तिवारी की कथित ''न्यायेतर हत्या'' की जांच के लिए एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति के गठन के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ ने याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा। जैसे ही मामला सुनवाई के लिए आया, पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछा, ''आप कौन हैं?'' याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता विशाल तिवारी ने कहा कि यह जनहित याचिका सार्वजनिक हित में दायर की गई है जिस पर पीठ ने कहा, ''नहीं, माफ करें। हम सुनवाई नहीं करेंगे। उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता है।'' याचिका में यह दावा करते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच का भी अनुरोध किया गया था कि इस मामले में एक त्वरित स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की जरूरत है। बिहार के भोजपुर जिले के बिलौटी गांव के निवासी तिवारी की 17 जून को हुई मौत ने विवाद खड़ा कर दिया है। उनके परिवार का दावा है कि पुलिस द्वारा गोली मारे जाने से पहले उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया था और अपना हथियार छोड़ दिया था। बिहार सरकार ने शनिवार को इस घटना की न्यायिक जांच की घोषणा की थी। अपनी याचिका में तिवारी ने कहा है कि एक लोकतांत्रिक समाज में पुलिस को सजा देने वाला प्राधिकार बनने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि यह शक्ति केवल न्यायपालिका में निहित है।

# अंबाला में चार वर्षीय लड़का खेलते समय 220 फुट गहरे बोरवेल में गिरा, बचाव अभियान जारी



**अंबाला:** जिले के बराड़ा क्षेत्र के धनौरा गांव में मंगलवार को चार वर्षीय एक लड़का 220 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया जिसे निकालने के प्रयास जारी हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हादसा उस समय हुआ जब धनौरा निवासी निर्भय अपने पिता के साथ खेत में अपने दादा के लिए खाना लेकर गया था। खेलते समय निर्भय का पैर फिसल गया और वह खुले बोरवेल में जा गिरा। सूचना मिलते ही उपायुक्त (डीसी) अजय सिंह तोमर अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और सेना की टीमों ने संयुक्त रूप से बचाव अभियान शुरू कर दिया है। डीसी तोमर ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। उन्होंने कहा कि बोरवेल की चौड़ाई लगभग नौ इंच है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ की टीम विशेष उपकरणों के साथ मौके पर मौजूद है और सेना से भी सहायता मांगी गई है। बचाव अभियान लगातार जारी है। निर्भय के दादा करनैल सिंह सुबह-सुबह खेत में काम करने चले गए थे। बाद में निर्भय के पिता मनजीत उनके लिए खाना लेकर खेत पहुंचे। निर्भय ने भी अपने पिता के साथ जाने की जिद की, जिस पर वह उसे अपने साथ ले गए। खेत पहुंचने के बाद मनजीत काम में लग गए और करनैल सिंह खाना खाने लगे। निर्भय पहले अपने दादा के पास बैठा रहा, लेकिन कुछ देर बाद खेलने लगा। खेलते-खेलते उसकी नजर खुले बोरवेल पर पड़ी और वह उसमें मिट्टी डालने लगा। बोरवेल के आसपास की गीली मिट्टी के कारण नीचे झांकते समय उसका पैर फिसल गया और वह बोरवेल में गिर गया। मनजीत ने बताया कि अचानक तेज आवाज सुनकर उनका ध्यान उधर गया। वे तुरंत बोरवेल के पास पहुंचे और निर्भय को आवाज लगाई। शुरुआत में निर्भय के पिता, दादा और आसपास के ग्रामीणों ने अपने स्तर पर उसे बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद सुबह करीब साढ़े सात बजे प्रशासन को घटना की सूचना दी गई।

# एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित वायुसेना के अगले उप प्रमुख होंगे



**नयी दिल्ली:** एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, वायु सेना के अगले उपप्रमुख होंगे। उनके पास 3,300 घंटे से ज़्यादा का उड़ान अनुभव है। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि वह एक जुलाई को एयर मार्शल नागेश कपूर की जगह पद संभालेंगे। एयर मार्शल दीक्षित को दिसंबर 1986 में भारतीय वायु सेना की लड़ाकू शाखा में शामिल किया गया था। रक्षा मंत्रालय ने पहले बताया था कि वे नेशनल डिफेंस एकेडमी, खड़कवासला; डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज (बांग्लादेश) और नेशनल डिफेंस कॉलेज, नयी दिल्ली के पूर्व छात्र हैं। मंत्रालय ने कहा कि यह वायु सेना अधिकारी एक योग्य फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट हैं, जिन्हें मिराज-2000, मिग-21 और जगुआर समेत 20 से ज़्यादा तरह के विमानों को उड़ाने का 3,300 घंटे से ज़्यादा का अनुभव है। वायुसेना उप प्रमुख के तौर पर नियुक्त होने से पहले, वे मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ में एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख (सीआईएससी) के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने मई 2025 में यह पद संभाला था। एयर मार्शल कपूर ने दिसंबर 1985 में नेशनल डिफेंस एकेडमी से स्नातक किया और छह दिसंबर 1986 को वायुसेना की उड़ान शाखा की लड़ाकू शाखा में शामिल हुए। वहीं, अधिकारियों के मुताबिक एयर मार्शल तेजिंदर सिंह अगले सीआईएससी बनने वाले हैं।

## शुरुआती ब्रेस्ट कैंसर की चुनौती, विशेषज्ञों ने बताए बेहतर जीवन के 5 उपाय

**कोलकाता, समाज्ञा :** शुरुआती ब्रेस्ट कैंसर का पता चलना किसी भी महिला के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हालांकि, आधुनिक चिकित्सा के कारण अब बीमारी की प्रकृति और जोखिम के अनुसार उपचार संभव है, जिससे कैंसर के दोबारा होने की आशंका कम की जा सकती है। कोलकाता स्थित नारायणा हेल्थ के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के हेड (एकेडमिक्स) डॉ. एम. वी. चंद्रकांत ने कहा, शुरुआती ब्रेस्ट कैंसर का इलाज केवल बीमारी को खत्म करने तक सीमित नहीं है। हमारा लक्ष्य यह भी होता है कि कैंसर दोबारा न लौटे और मरीज की जीवनशैली व जीवन की गुणवत्ता बनी रहे। जांच और इलाज के क्षेत्र में हुई प्रगति से अब हर मरीज की बीमारी और उसके जोखिम के अनुसार इलाज तय करना संभव हो गया है। इसके साथ ही मरीजों को सही जानकारी देना और इलाज के बाद लंबे समय तक उनकी देखभाल करना भी उतना ही जरूरी है। इससे वे आत्मविश्वास के साथ फैसले ले पाते हैं और स्वस्थ, संतुलित जीवन जी सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, महिलाओं को पांच बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए - अपने जोखिम को समझें, बीमारी के अनुसार उपचार का चयन करें, नए इलाज के विकल्पों की जानकारी रखें, उपचार के दौरान होने वाली समस्याओं को नजरअंदाज न करें और करियर, परिवार व भविष्य की योजनाओं को भी इलाज की प्रक्रिया का हिस्सा बनाकर डॉक्टर से खुलकर चर्चा करें।

# जुलाई में भारत में औसत मासिक बारिश सामान्य से कम रहने की उम्मीद है : आईएमडी



**नयी दिल्ली:** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को अपने मासिक पूर्वानुमान में कहा कि जुलाई के दौरान भारत में मासिक औसत बारिश सामान्य से कम रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने बताया कि जुलाई में लंबी अवधि के औसत (एलपीए) (1971-2020) की 94 प्रतिशत बारिश होने की संभावना है। भारत में जुलाई में एलपीए बारिश लगभग 280.4 मिमी होती है। एलपीए किसी विशेष क्षेत्र में एक निश्चित अवधि, जैसे कि एक महीने या एक मौसम के लिए दर्ज की गयी वर्षा को संदर्भित करता है, जिसका औसत आमतौर पर 30 से 50 वर्षों की लंबी अवधि में निकाला जाता है। आईएमडी ने कहा है कि उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व भारत, पूर्वी-मध्य भारत और पूर्वी प्रायद्वीपीय क्षेत्र के कुछ हिस्सों में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के मौसम विज्ञान महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने एक बयान में कहा, जुलाई के दौरान देश के ज़्यादातर हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है, सिवाय उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व भारत, पूर्वी-मध्य भारत और पूर्वी प्रायद्वीपीय क्षेत्र के कुछ इलाकों के, जहां सामान्य या उससे ज़्यादा बारिश होने की उम्मीद है। जून में पूरे भारत में बारिश में लगभग 40 प्रतिशत की कमी देखी गई, जिसमें मध्य भारत सबसे ज़्यादा प्रभावित रहा और वहां 50.4 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। 1901 के बाद से जून के महीने में देश में यह पांचवीं सबसे कम (99.5 मिमी) बारिश थी। महापात्र के अनुसार, मॉनसून सीजन के दौरान सामान्य से कम बारिश पांच मुख्य कारणों से हुई।

## मिजोरम, पुडुचेरी के पूर्व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एम एम लखेड़ा का निधन



**देहरादून:** मिजोरम एवं पुडुचेरी के पूर्व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एम. एम. लखेड़ा का सोमवार को यहां निधन हो गया। उनके परिवार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 88 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने मंगलवार को दिवंगत पूर्व सैन्य अधिकारी और पूर्व राज्यपाल के आवास पर पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने शोकाकुल परिवारजनों से भेंट करके अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा दुःख की इस घड़ी में उन्हें धैर्य एवं संबल प्राप्त होने की कामना की। उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल लखेड़ा का राष्ट्रसेवा, सैन्य नेतृत्व एवं सार्वजनिक जीवन में योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी लखेड़ा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। धामी ने सोशल मीडिया पर अपने शोक संदेश में कहा, ''ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दें।'

# अरुणाचल बाढ़: चार की मौत; 90,000 प्रभावित; मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों ने किया हवाई सर्वेक्षण



**ईटानगर:** अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई है। एक और व्यक्ति की मौत के साथ राज्य में बाढ़ से मरने वालों की संख्या चार हो गई है, जबकि 21 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी 28 जिलों में कुल 90,499 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सात दिनों में भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई और भूस्खलन हुआ, जिससे घर, सड़कें, पुल और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है और दो लोग लापता भी हैं। मुख्यमंत्री पेमा खांडू और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं किरेन रीजीजू ने बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित केयी पन्योर जिले का दिन में हवाई और जमीनी सर्वेक्षण किया। इन नेताओं का अरुणाचल प्रदेश का दौरा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्य भर में बाढ़ की स्थिति का जायज़ा लेने के लिए खांडू से फोन पर बात करने के एक दिन बाद हुआ। सोमवार को बाढ़ से कम से कम 12 जिले प्रभावित हुए थे। एसईओसी की रिपोर्ट के अनुसार, 24 जून से पूर्वोत्तर राज्य के 202 सर्किल के तहत आने वाले 251 गांवों में लगभग 90,499 लोग प्रभावित हुए हैं। अपर सियांग ज़िले में सबसे ज़्यादा 47,357 लोग प्रभावित पाए गए, जबकि सियांग में 23,715, क्रा दादी में 8,171 और ईस्ट कामेंग में 5,895 लोग प्रभावित हैं। देर से मिली एक रिपोर्ट के अनुसार, 28 जून को अंजॉ ज़िले के सारती गांव में भूस्खलन से एक व्यक्ति की मौत हो गई। तीन अन्य मौतें 24 जून को केयी पन्योर ज़िले के पोसा में अचानक आई बाढ़ के कारण हुईं। रिपोर्ट में बताया गया है कि केयी पन्योर आपदा में 21 लोग घायल हुए, जबकि दो महिलाएं अभी भी लापता हैं। खांडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हालिया आपदा से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति और नुकसान का आकलन करने के लिए अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर आए माननीय केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी और श्री किरेन रीजीजू जी का हार्दिक अभिनंदन किया गया।' मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्रियों को राज्य में भेजने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को दिल से धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने ज़मीनी हालात का व्यक्तिगत रूप से जायज़ा लेने के लिए दो केंद्रीय मंत्रियों – श्री शिवराज सिंह चौहान जी और श्री किरेन रीजीजू जी को भेजने में तत्परता दिखाई और सहयोग किया।'' अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री एवं राज्य से भाजपा सांसद रीजीजू ने बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया, राहत कार्यों की समीक्षा की और प्रभावित इलाकों में पुनर्वास के प्रयासों की जानकारी लेने के लिए राज्य के अधिकारियों से बातचीत की।

# गुवाहाटी में 37 किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त, एक गिरफ्तार



**गुवाहाटी:** असम पुलिस ने गुवाहाटी में एक संदिग्ध अंतरराष्ट्रीय सोना तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 54 करोड़ रुपये मूल्य का 37 किलोग्राम से अधिक सोना बरामद किया है। पुलिस बल द्वारा जब्त की गई यह सोने की अब तक की सबसे बड़ी खेप है। इस संबंध में मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, मामले की जांच के दौरान इस तस्करी के तार पश्चिमी एशिया और म्यांमा के साथ-साथ देश के विभिन्न शहरों में फैले घरेलू नेटवर्क से जुड़े होने का खुलासा हुआ है। इस मामले में जांच जारी है। असम पुलिस के बयान के मुताबिक, शहर के खारघुली इलाके में 29-30 जून को एक छापेमारी कर सोना जब्त किया गया और गिरफ्तारी हुई। इस अभियान के दौरान 37.064 किलोग्राम वजन की संदिग्ध सोने की छड़ें/टुकड़े जब्त किए गए, जिनकी कीमत 54 करोड़ रुपये से अधिक है। छापेमारी के दौरान 13 ग्राम चांदी के टुकड़े/दाने, चार मोबाइल फोन, 3,755 रुपये नकद और सोने को छिपाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बैग भी बरामद किए गए। गुवाहाटी में रह रहे महाराष्ट्र के सांगली निवासी एक व्यक्ति को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। उसके पास इस खेप के लिए कोई कानूनी दस्तावेज नहीं थे। जांच के मुताबिक, इसके तार मध्य पूर्व, म्यांमा के साथ-साथ मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और बेंगलुरु से जुड़े हैं। बयान में कहा गया, हम पूरे गिरोह और इसके द्वारा पूर्व में पहुंचाई गई खेप और वित्तीय लेन-देन का पता लगाने के लिए कड़ियों की जांच कर रहे हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ ठोस शुरुआत करने उतरेगा भारत

## सूर्यवंशी के पदार्पण पर रहेंगी नजरें



**चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन) :** वैभव सूर्यवंशी का बहुप्रतीक्षित पदार्पण और मुश्किल विकेटों पर बल्लेबाजी की कमजोरियां इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत के लिए चर्चा का मुख्य विषय रहेंगे। भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा है कि सूर्यवंशी को भी किसी अन्य क्रिकेटर की तरह एकादश में जगह पाने के लिए 'प्रक्रिया से गुजरना होगा और सही समय का इंतजार करना होगा'। साथ ही उन्होंने यह कहने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई कि 15 साल का यह आक्रामक खिलाड़ी कड़ी मेहनत के लिए तैयार दिखता है। लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या प्रबंधन इस बात पर अडिग रहेगा कि सूर्यवंशी को प्रक्रिया का पालन करना चाहिए जबकि इस विस्फोटक बल्लेबाज को टीम में शामिल करने की मांग तेज हो रही है। डोएशे ने माना कि पिछले हफ्ते आयरलैंड से मिली 0-2 की हार के बाद टीम में निराशा है और यह बड़े बदलावों का कारण बन सकता है। आयरलैंड के खिलाफ संजू सैमसन की दोहरी विफलता उन्हें बाहर बैठाने और सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने का मौका देने का कारण हो सकती है। अभिषेक को बेलफास्ट में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में 20 गेंद में 49 रन की पारी के कारण फिर मौका मिल सकता है। इशान किशन भी आयरलैंड के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए और एक तथा 12 रन पर आउट हो गए। इसलिए प्रबंधन सूर्यवंशी को शामिल करने के लिए उन्हें भी बाहर कर सकता है लेकिन वे इस बात पर विचार करेंगे कि ऐसे कदम का बाहर किए गए बल्लेबाज़ के मनोबल पर क्या असर पड़ सकता है। अगर सैमसन को देखें तो उन्होंने इस साल टी20 विश्व कप के अंतिम चरण के मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया था और आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए दो शतक भी लगाए थे। हालांकि चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की अगुवाई वाला टीम प्रबंधन कड़े फैसले लेने से पीछे नहीं हटता और जिन्हें शक है वे सूर्यकुमार यादव का उदाहरण देख सकते हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ सूर्यांश शेडगे और प्रिंस यादव को पदार्पण का मौका दिया जिससे सूर्यवंशी को अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के लिए इंतजार करना पड़ा। हालांकि सिर्फ सूर्यवंशी को टीम में शामिल करने से भारत की बल्लेबाजी की समस्याओं का तुरंत समाधान नहीं हो जाएगा क्योंकि इन समस्याओं के कई पहलू हैं। तेज गेंदबाजों की अनुकूल बेलफास्ट की पिच पर कोई भी भारतीय बल्लेबाज सहज नहीं दिख रहा था। जब हालात और आयरलैंड के गेंदबाजों की सटीक गेंदबाजी ने आक्रामक बल्लेबाजी के रास्ते बंद कर दिए तो भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशानी हुई।

## महिला टी20 विश्व कप : मूनी के अर्धशतक, गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से आस्ट्रेलिया फाइनल में



**लंदन :** अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और बेथ मूनी के 36 गेंद में नाबाद 61 रन की मदद से मौजूदा चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराकर मंगलवार को महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को सात विकेट पर 125 रन पर रोक दिया। जवाब में मूनी और एशले गार्डनर (20 गेंद में 35) की आक्रामक पारियों के दम पर सात ओवर बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। मूनी ने 36 गेंद में आठ चौकों की मदद से नाबाद 61 रन बनाये जबकि गार्डनर ने अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। इससे पहले जॉर्जिया वोल (16) और फीबी लिचफील्ड (चार) सस्ते में आउट हो गई थी जबकि एलिसे पैरी चोट लगने के बाद दो के स्कोर पर 'रिटायर्ड हर्ट' होकर लौट गई। मूनी और गार्डनर ने हालांकि आस्ट्रेलिया का महिला क्रिकेट में दबदबा कायम रखते हुए एक और फाइनल में पहुंचाया जहां रविवार को उनका सामना दक्षिण अफ्रीका या इंग्लैंड से होगा। इससे पहले वेस्टइंडीज की शुरूआत काफी खराब रही और 11वें ओवर में सिर्फ 59 के स्कोर पर उसके चार विकेट गिर चुके थे। कप्तान हीली मैथ्यूज (28 गेंद में 30 रन) और शेमेइन कैंपबेल (25 गेंद में 22) को छोड़कर कोई बल्लेबाज टिककर खेल नहीं सकी। आस्ट्रेलिया के लिये कप्तान सोफी मोलिनू, जॉर्जिया वेयरहैम और एशले गार्डनर ने दो दो विकेट लिये।

## मोरक्को ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज करके नीदरलैंड को बाहर का रास्ता दिखाया



**ग्वाडालूप (मैक्सिको) :** इस्सा डियोप ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बराबरी का गोल किया जबकि इस्माइल सैबारी ने पेनल्टी शूटआउट में निर्णायक गोल दागा जिससे मोरक्को ने नीदरलैंड को 3-2 से हराकर अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की। इससे पहले निर्धारित और अतिरिक्त समय तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी। पेनल्टी शूटआउट में भी चार राउंड के बाद स्कोर 2-2 से बराबर था। मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनू ने क्रिसेंसियो समरविले के शॉट को अपने बाएं हाथ से रोक दिया। इसके बाद सैबारी ने गोलकीपर बार्ट वर्ब्रुगेन के दूसरी ओर गोता लगाने पर निचले बाएं कोने में विजयी गोल दाग दिया। इस मिडफील्डर ने अपनी शर्ट उतार दी और खुशी से चिल्लाने लगा। इसके बाद उनके साथी खिलाड़ियों ने उन्हें घेर दिया और वह जीत का जश्न मनाने लगे। पेनल्टी शूटआउट के दूसरे राउंड में जब मोरक्को 1-0 से पीछे चल रहा था, तब वर्ब्रुगेन ने सोफियान रहीमी के शॉट को रोकने का प्रयास किया, लेकिन गोलकीपर गेंद को पकड़ नहीं पाए और अपने पैर के पिछले हिस्से से उसे गोल लाइन के पार धकेल दिया। मोरक्को शनिवार को ह्यूस्टन में राउंड ऑफ 16 में कनाडा का सामना करेगा। नीदरलैंड पिछले 11 विश्व कप में कम से कम अंतिम 16 तक जरूर पहुंचा था। इसमें चार साल पहले क्वार्टर फाइनल में पहुंचना भी शामिल है।

## पराग्वे ने जर्मनी को पेनल्टी शूटआउट में हराकर बड़ा उलटफेर किया



**फॉक्सबोरो :** जोस कैनाले ने पहले ही सडन डेथ पेनल्टी किक पर गोल किया और ऑरलैंडो गिल ने शूटआउट में दो महत्वपूर्ण बचाव किए जिससे पराग्वे ने सोमवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी को 4-3 से हराकर मौजूदा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। राउंड ऑफ़ 32 का यह मैच अतिरिक्त समय के बाद 1-1 से बराबर रहा था। पराग्वे ने 42वें मिनट में जूलियो एनसिसो के हेडर से किए गए गोल से बढ़त हासिल की, लेकिन चार बार के चैंपियन जर्मनी के लिए काई हावर्ट्ज़ ने 52वें मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। गिल ने बाद में अपनी जीत की राज का खुलासा करते हुए कहा, ''हमने प्रत्येक खिलाड़ी और प्रत्येक छोटी सी छोटी चीज का भी विश्लेषण किया था और यही वजह थी कि मैं सिर्फ दो पेनल्टी चूक पाया। यह जीत पराग्वे के लोगों को समर्पित है।'' फीफा रैंकिंग में 34वें स्थान पर मौजूद पराग्वे की जीत पर बहुत कम सट्टा लगा था लेकिन उसने 12वें स्थान पर काबिज जर्मनी को हराकर दुनिया भर के फुटबाल प्रेमियों को हैरान कर दिया। पराग्वे की टीम अब शनिवार को फिलाडेल्फिया में राउंड ऑफ 16 में मंगलवार को फ्रांस और स्वीडन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी। कैनाले ने कहा, ''हमें कम करके आंका गया लेकिन हमें खुद पर भरोसा था। हम एक और मैच खेलने के हकदार थे। हमारी टीम की खासियत यह है कि हम एकजुट हैं। हम आज के मैच में अपनी असली ताकत दिखाने के लिए प्रतिबद्ध थे।''

### विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद एशियाड में भी कप्तानी करेंगी हरमनप्रीत

**नयी दिल्ली :** इंग्लैंड में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह नहीं बनाने के बावजूद हरमनप्रीत कौर को जापान में होने वाले इस साल के एशियाई खेलों के लिए मंगलवार को भारतीय महिला टीम के कप्तान के रूप में बरकरार रखा गया। महिला चयन समिति ने जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। ऑस्ट्रेलिया से रविवार को ग्रुप चरण के आखिरी मैच में हार के बाद टीम का विश्व कप अभियान समाप्त हो गया था। भारतीय महिला टीम एशियाई खेलों में मौजूदा चैंपियन के रूप में प्रवेश करेगी। उसने 2023 में चीन के हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

### स्टोक्स को संन्यास नहीं लेने के लिए मनाने की कोशिश की थी: मैकुलम

**लंदन :** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने खुलासा किया कि उन्होंने बेन स्टोक्स से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया था लेकिन तब तक वह अपना मन बना चुके थे। इंग्लैंड सोमवार को ट्रेंटब्रिज में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा और अंतिम टेस्ट 160 रन से हार गया। स्टोक्स ने इस मैच के चौथे दिन ही संन्यास की घोषणा कर सभी को चौंका दिया। मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, ''जब उन्होंने मुझे बताया कि वह संन्यास लेने जा रहे हैं तो मैंने उन्हें मनाने की कोशिश की थी। लेकिन तब तक वह अपना मन बना चुके थे और अपने फैसले पर अडिग थे।'' उन्होंने कहा, ''उनके फैसले से निश्चित तौर पर मैं थोड़ा उदास हो गया था क्योंकि हम चार साल से इस सफर में साथ रहे हैं और यह एक रोमांचक अनुभव रहा है। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इस दौरान स्टोक्स के साथ इतने करीब से काम करने का मौका मिला। मैं उन्हें अपना दोस्त, एक सच्चा दोस्त मानता हूं।'' मैकुलम ने कप्तान और खिलाड़ी के रूप में स्टोक्स के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बहुत अच्छा नेतृत्वकर्ता बताया।

## व्यापार

# बैंकों का एनपीए कई दशक के निचले स्तर 1.8 प्रतिशत पर, भारतीय वित्तीय प्रणाली मजबूत: आरबीआई



**मुंबई :** बैंकों और गैर-बैंकिंग क्षेत्र के मजबूत बही-खाते के बल पर भारतीय वित्तीय प्रणाली मजबूत बनी हुई है। साथ ही मार्च, 2026 के अंत में बैंकों की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) कई दशक के निचले स्तर 1.8 प्रतिशत पर आ गई हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) के अनुसार, बार-बार के झटकों के बावजूद वैश्विक वित्तीय प्रणाली ने अब तक उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने के बाद शुरुआत में बाजार में कुछ अस्थिरता देखी गई, लेकिन उसके बाद बाजार व्यवस्थित बने रहे। केंद्रीय बैंक ने कहा कि भारत के मजबूत वृहद आर्थिक आधार उसे कई अन्य देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में रखते हैं और पिछले संकट की तुलना में बाहरी झटकों से अधिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। हालांकि, आरबीआई ने चेतावनी दी कि ऊर्जा और अन्य वस्तुओं की ऊंची कीमतों, पेट्रोल पंप दरों में सीमित समायोजन, उत्पाद शुल्क में कटौती और सब्सिडी पर बढ़ते खर्च के कारण राजकोषीय घाटे पर दबाव बढ़ सकता है। साथ ही, आरबीआई ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच अंतरिम शांति समझौता भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए सहायक साबित हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि घरेलू वित्तीय प्रणाली मजबूत बनी हुई है, जिसे बैंक और गैर-बैंकिंग क्षेत्र के मजबूत बही-खाते का समर्थन प्राप्त है। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक मजबूत पूंजी, पर्याप्त नकदी, बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता और स्थिर लाभप्रदता के कारण सुरक्षित स्थिति में हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक ने कहा कि भारतीय बैंकों का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) अनुपात मार्च, 2026 तक घटकर कई दशक के निचले स्तर 1.8 प्रतिशत पर आ गया है। हालांकि, आरबीआई ने कहा कि बैंकिंग प्रणाली की मजबूती बरकरार है, लेकिन वित्तपोषण एक प्रमुख चुनौती के रूप में उभर रहा है, क्योंकि बचतकर्ता बेहतर रिटर्न के लिए शेयर और म्यूचुअल फंड जैसे विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि कृत्रिम मेधा (एआई)-आधारित साइबर हमले बैंकिंग क्षेत्र के लिए निकट अवधि की सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभर रहे हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने रिपोर्ट की प्रस्तावना में कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली दो प्रमुख शक्तियों बढ़ते भू-राजनीतिक विभाजन और कृत्रिम मेधा (एआई) में तीव्र तकनीकी प्रगति से उत्पन्न व्यवधान के कारण पुनर्गठित हो रही हैं।

### इंडिगो के एक और अधिकारी का इस्तीफा, अब सीएचआरओ पसरीचा ने छोड़ा पद

**नयी दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएचआरओ) सुखजीत सिंह पसरीचा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इंडिगो के अनुसार, पसरीचा लगभग आठ वर्षों से अधिक समय से कंपनी से जुड़े हुए थे। उनके स्थान पर कंवल जीत सिंह बख्शी को नियुक्त किया गया है। बख्शी वर्तमान में इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज में ग्रुप हेड एचआर के पद पर कार्यरत हैं। पसरीचा 19 जुलाई को अपनी सेवाओं से मुक्त हो जाएंगे, जबकि बख्शी 20 जुलाई से सीएचआरओ का कार्यभार संभालेंगे। दिसंबर, 2025 में बड़े पैमाने पर परिचालन में आए व्यवधान के बाद कई शीर्ष स्तर के अधिकारियों ने इंडिगो से इस्तीफा दे दिया था और इसी में अब पसरीचा ने भी पद छोड़ दिया है।

### पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वीजा मंजूरी प्रक्रिया सरल बनाने की जरूरत : नीति आयोग

**नयी दिल्ली :** ई-वीजा जैसी सुविधाओं से हुई प्रगति के बावजूद भारत की वीजा प्रणाली अब भी अन्य देशों की तरह सरल, व्यापक और पर्यटन-अनुकूल नहीं बन सकी है तथा वीजा प्रक्रिया को और भी आसान बनाने की जरूरत है। नीति आयोग की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट में ज़ोर दिया गया कि भारत की अंतरराष्ट्रीय पहुंच और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए वैश्विक मानकों के अनुरूप वीज़ा सुविधा को बेहतर बनाना बहुत ज़रूरी होगा। 'पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में वृद्धि की संभावनाएं सृजित करना' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की पहुंच बढ़ाने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत की स्थिति मजबूत करने के लिए वीजा सुविधा को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना आवश्यक है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 250 अंक और टूटा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), पेट्रोलियम एवं गैस तथा चुनिंदा बैंकिंग शेयरों में बिकवाली के बीच अमेरिका-ईरान के बीच दोहा में होने वाली वार्ता के अगले दौर को लेकर अनिश्चितता से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाते हुए 249.70 अंक यानी 0.33 प्रतिशत टूटकर 76,478.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 398.98 अंक यानी 0.51 प्रतिशत टूटकर 76,329.39 अंक तक आ गया था। एनएसई निफ्टी भी 80.50 अंक यानी 0.34 प्रतिशत फिसलकर 23,865.75 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ताजा बिकवाली तथा प्रमुख आईटी कंपनियों के शेयरों में कमजोरी से बाजार की धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे। वहीं, मारुति, टाइटन, बजाज फाइनेंस और इटर्नल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, '' भू-राजनीतिक चिंताएं कुछ कम हुई हैं, लेकिन अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते की नाजुक स्थिति निवेशकों की धारणा पर असर डाल रही है जिससे बाजार को स्पष्ट दिशा नहीं मिल पा रही।'' उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों का प्रदर्शन मिला-जुला रहा, लेकिन आईटी क्षेत्र सबसे अधिक दबाव में रहा। व्यापक बाजार में भी तेजी रही। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.59 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट 0.46 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार सूचकांकों में बीएसई फोकस आईटी सबसे अधिक 2.62 प्रतिशत लुढ़का।

## सरकार ने पेट्रोल के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ाया, डीजल और एटीएफ पर घटाया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने एक जुलाई से शुरू होने वाले पखवाड़े के लिए पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर लगाए जाने वाले अप्रत्याशित लाभ कर में बदलाव किया है। इसके तहत डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर कर घटाया गया है, जबकि पेट्रोल पर अप्रत्याशित लाभ कर में बढ़ोतरी की गई है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) घटाकर 8.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो पहले 14 रुपये प्रति लीटर था। वहीं, एटीएफ पर शुल्क 12.5 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 7.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। इसके विपरीत, पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाला शुल्क 1.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर चार रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। यह संशोधित दरें एक जुलाई से लागू होंगी। सरकार ने मार्च में पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर यह विशेष कर लगाया था और तब से हर पखवाड़े इसकी समीक्षा की जा रही है। शुरुआत में डीजल और एटीएफ पर शुल्क लगाया गया था, जबकि मई में पेट्रोल पर भी यह लागू किया गया। मंत्रालय ने यह भी बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका को किए जाने वाले निर्यात पर पहले दी गई छूट को अब मॉरीशस और मालदीव तक बढ़ा दिया गया है। सरकार का कहना है कि यह कर घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने और अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव के दौरान निर्यात से अनुचित लाभ कमाने से रोकने के लिए लगाया गया है।

### सोना 800 रुपये सस्ता हुआ, चांदी 6,000 रुपये महंगी

**नयी दिल्ली :** घरेलू बाजार में कम मांग के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 800 रुपये घटकर 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। हालांकि, चांदी में जोरदार वापसी हुई और लगातार चार सत्रों की गिरावट का सिलसिला टूट गया। इसकी कीमत 6,000 रुपये बढ़कर 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,24,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। विश्लेषकों का कहना है कि घरेलू बाजार में सोना दबाव में रहा, जबकि हालिया गिरावट के बाद चांदी में कम कीमत पर लिवाली देखी गई।




वर्ष 11, पूर्णांक 3639 अंक 105 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in